राष्ट्रीय दैनिक




# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद,
बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

ऐश्वर्या की लाल सलाम में ...8



दैनिक बुद्ध का संदेश 9795951917,9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com

गुरुवार, 10 नवंबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण www.budhakasandesh.com वर्षः 09 अंकः 320 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 सम्पादक : राजेश शर्मा उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## हिंदुओं की भावनाओं को आहत करना कांग्रेस की आदत

### भाजपा ने कहाः कमल चिन्ह का विरोध करने वाले संस्कृति के विरोधी

नई दिल्ली। भाजपा लगातार कांग्रेस पर हिंदू विरोधी होने का आरोप लगाते रहते हैं। एक बार फिर से भाजपा ने साफ तौर पर कहा है कि हिंदू भावनाओं को आहत करना कांग्रेस की आदत बन चुकी है। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने साफ तौर पर कहा कि कमल चिन्ह का विरोध करने वाले संस्कृति के विरोधी हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हिंदुओं का अपमान किया है। उन्होंने पूछा कि क्या कमल का फूल राष्ट्रीय फूल नहीं है? आपको बता दें कि जी–20 के लोगों को लेकर देश में राजनीति शुरू हो गई है। कांग्रेस की जयराम रमेश ने जी–20 के लोगो में कमल के फूल के निशान को लेकर आपत्ति जताई थी। उन्होंने कहा था कि बीजेपी का निशान ही जी–20 का लोगो बन गया है। इसी को लेकर भाजपा की ओर से कांग्रेस पर पलटवार किया गया है। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि राहुल गांधी जी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान लोगों के कान में कौन सा मंत्र फूंक रहे हैं कि वोट जोड़ने के लिए हिंदू भावनाओं और अस्मिता पर चोट करना हो तो पीछे मत रहना। उन्होंने एक समय पर जो लोग ये कहते थे कि हिंदू आतंकवादी है, हिंदू तालिबानी है और हिंदू बोकोहराम है। ये कारनामें भारत की राजनीति के सबसे पुरानी पार्टी के हैं। भाजपा प्रवक्ता ने आगे कहा कि कितना दुख का विषय है कि आजादी की अमृत महोत्सव के वर्ष में ये कितना विष भरा हुआ है। ये सेक्युलर राजनीति के जो प्रवर्तक हैं, चाहे वो सबसे पुराने हों या सबसे नए हों, उनकी फितरत नहीं बदली है। फितरत केवल ये है कि सेक्युलरिज्म का अर्थ, हिंदू धर्म के प्रति घृणा और अपमान के भाव की अभिव्यक्ति करना। इससे पहले केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने भी 1950 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा कमल को राष्ट्रीय फूल घोषित किया गया था। जयराम का जन्म 1954 में हुआ था। भगवान ही जानते हैं कि कांग्रेस पार्टी हर राष्ट्रीय प्रतीक को बदनाम करने और कमजोर करने का विकल्प क्यों चुनती है, जबकि वह खुद श्जोडोश के लिए बेताब है। इससे पहले कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने ट्वीट कर कहा था कि 70 साल पहले, नेहरू ने कांग्रेस के झंडे को भारत का झंडा बनाने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। अब, भारत के ळ20 के अध्यक्ष पद के लिए भाजपा का चुनाव चिन्ह आधिकारिक लोगो बन गया है! स्तब्ध करते हुए, हम अब तक जानते हैं कि श्री मोदी और भाजपा बेशर्मी से खुद को बढ़ावा देने का कोई मौका नहीं गंवाएंगे!



## दुनिया को अफगानिस्तान की स्थिति नहीं भूलना चाहिए, इस पर उचित ध्यान देना जरूरीः जयशंकर

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मास्को में अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव के साथ चर्चा के बाद मंगलवार को कहा कि दुनिया को अफगानिस्तान की स्थिति को नहीं भूलना चाहिए और उस देश से संचालित आतंकी समूहों को लेकर चिंता बनी हुई है। लावरोव के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में जयशंकर ने आतंकवाद एवं इसके सीमापार प्रारूप सहित अस्थिरता उत्पन्न करने वाले कई कारक गिनाये और कहा कि ये चिंता का बड़ा कारण बने हुए हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि लावरोव के साथ चर्चा के दौरान अफगानिस्तान का मुद्दा भी उठा और इस बात पर जोर दिया गया कि अफगानिस्तान के पड़ोसी देशों को यह सुनिश्चित करने के लिये काम करना चाहिए कि उस देश से आतंकवाद का कोई खतरा नहीं हो। उन्होंने कहा, '' यह जरूरी है कि दुनिया इस बात को नहीं भूले कि अफगानिस्तान की स्थिति क्या है क्योंकि मुझे आज लगता है कि जितना ध्यान उस पर दिया जाना चाहिए, उतना नहीं दिया जा रहा है।'' जयशंकर ने कहा कि उस देश में मानवीय संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है और भारत, अफगानिस्तान के लोगों को खाद्यान्न, दवा, कोविड रोधी टीके की आपूर्ति कर रहा है क्योंकि वे कठिन स्थिति का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय के पास आतंकवाद और अफगानिस्तान से संचालित आतंकवाद को लेकर चिंता का उचित कारण है। उन्होंने कहा कि इस बारे में प्रतिबद्धता व्यक्त की गई थी और यह उचित होगा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय, खासकर उसके पड़ोसी देश यह सुनिश्चित करें कि अफगानिस्तान से किसी तरह का आतंकी खतरा नहीं हो। जयशंकर ने इस बारे में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2593 के तहत की गई प्रतिबद्धता का पूरी तरह से पालन करने की जरूरत रेखांकित की। गौरतलब है कि पिछले वर्ष 30 अगस्त को इस वैश्विक निकाय की भारत की अध्यक्षता के दौरान यह प्रस्ताव अंगीकार किया गया था। जयशंकर ने कहा कि अफगानिस्तान के मुद्दे पर वार्ता के विभिन्न प्रारूपों में भारत और रूस सम्पर्क बनाये हुए हैं। ईरान परमाणु करार के बारे में एक सवाल के जवाब में जयशंकर ने कहा कि वैश्विक शांति, सुरक्षा और अप्रसार को ध्यान में रखते हुए कोई रास्ता निकाला जाना चाहिए। उन्होंने कहा, '' मुझे उम्मीद है कि आगामी सत्र में ईरान की संयुक्त समग्र कार्य योजना (जेसीपीओए) के बारे में चर्चा हो सकेगी क्योंकि भारत का मानना हैकिवैश्विक शांति, सुरक्षा और अप्रसार को ध्यान में रखते हुए कोई रास्ता निकाला जाना चाहिए। '' उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के साथ, सुधारयुक्त बहुस्तरीय व्यवस्था से इंकार करना कठिन हो गया है और इस संबंध में हम रूस के भारत को समर्थन का स्वागत करते हैं।



## पिछले 15 सालों में एमसीडी को भाजपा ने किया बर्बाद

### मनीष सिसोदिया बोलेः दिल्ली को कूड़े से करेंगे मुक्त

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम चुनाव को लेकर राजनीतिक वार पटवार का दौर जारी है। इन सबके बीच आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया कहा कि भाजपा ने पिछले 15 सालों में दिल्ली नगर निगम को पूरी तरीके से बर्बाद कर दिया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भाजपा ने दिल्ली को बर्बाद किया है। आज दिल्ली में हर जगह कूड़ा देखने को मिलता है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा की वजह से एमसीडी में पूरी तरीके से अव्यवस्था है। आम आदमी पार्टी एमसीडी में आई तो दिल्ली को कूड़ा मुक्त कर देगी। आपको बता दें कि एमसीडी चुनाव में राष्ट्रीय राजधानी में गंदगी को आम आदमी पार्टी बड़ा मुद्दा बनाने की कोशिश कर रही है। दरअसल, मनीष सिसोदिया पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर इलाके में पहुंचे थे जहां पर लैंडफिल साइट का उन्होंने दौरा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा यह दिखाने की कोशिश कर रही है कि गाजीपुर में कूड़े के ढेर की ऊंचाई कम हो गई है। इसी कारण नगर निगम की ओर से कचरा उठाकर आसपास के इलाकों में फेंका जा रहा है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भाजपा ने अपनी नाकामी छिपाने के लिए गाजीपुर कूड़ा पहाड़ से कूड़ा आसपास की खघली जगहों पर फैला दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि कोशिश ये दिखाने की थी कि पहाड़ की ऊँचाई कम हो गई है। लेकिन इससे मंडी की दीवार गिर गई। शुक्र है किसी की जान नही गई। इसके साथ ही सिसोदिया ने यह भी कहा कि दिल्ली को कचरा मुक्त करने के लिए भाजपा के पास मजबूत इरादे नहीं है।



### भारत जोड़ो यात्राः यात्रा का 63वां दिन, महाराष्ट्र में स्थानीय लोगों से मिले राहुल

मुंबई। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' के 63वें दिन की शुरुआत बुधवार सुबह महाराष्ट्र में नांदेड जिले के बिलोली से की। पदयात्रा के दौरान राहुल गांधी कुछ जगहों पर रुके और स्थानीय लोगों से बातचीत की। अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के महासचिव (संगठन) के. सी. वेणगुपोल, महाराष्ट्र में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले, मुंबई में पार्टी के शहर अध्यक्ष भाई जगताप, नसीम खान, विश्वजीत कदम और अन्य नेता भी राहुल गांधी के साथ पदयात्रा कर रहे हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के महासचिव (प्रचारध्संवाद) जयराम रमेश, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह और कन्हैया कुमार भी सेवा दल के कार्यकर्ताओं के साथ नजर आए। राहुल गांधी ने यात्रा के 62वें दिन नांदेड में गुरुद्वारों में मत्था टेका था और नोटबंदी, बेरोजगारी तथा घृणा की राजनीति को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीत केन्द्र सरकार पर निशाना साधा था। हालांकि, मंगलवार को सेवा दल के एक वरिष्ठ पदाधिकारी की मृत्यु होने के कारण यात्रा का माहौल कुछ गमगीन रहा। महाराष्ट्र में 'भारत जोड़ो यात्रा' का आज तीसरा दिन है। राहुल गांधी और पदयात्रा के उनके तमाम साथी सोमवार रात पड़ोसी तेलंगाना राज्य से यहां पहुंचे थे।



## सपा नेता आजम खान को बड़ी राहत, रामपुर उपचुनाव को लेकर एससी ने दिया अहम फैसला



नई दिल्ली। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को रामपुर सदर सीट पर उपचुनाव को लेकर फिलहाल 10 नवंबर तक अधिसूचना जारी नहीं करने को कहा है। दरअसल, आजम खान को नफरत ही भाषण मामले में दोषी पाए जाने के बाद उनकी रामपुर सदर विधायकी रद्द कर दी गई थी। इसके बाद आजम खान ने कोर्ट का रुख किया था। चुनाव आयोग की ओर से उपचुनाव को लेकर डेट का भी ऐलान कर दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले को आजम खान के लिए बड़ी राहत मानी जा रही है। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने विशेष सत्र अदालत को निर्देश दिया कि वह दोषसिद्धि पर रोक लगाने की समाजवादी पार्टी (सपा) नेता आजम खान की अपील पर बृहस्पतिवार को ही सुनवाई करे और निर्णय भी ले।

## आंबेडकर के प्रतिमा को लेकर मचा बवाल, इंस्पेक्टर समेत छह लाइन हाजिर

बरेली। जिले की नगर पंचायत सिरौली में आंबेडकर प्रतिमा लगाने के बाद हुए बवाल पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ने थाना प्रभारी समेत छह पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया जबकि पुलिस अधीक्षक देहात और क्षेत्राधिकारी आंवला से जवाब तलब किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसएसपी अखिलेश चौरसिया ने कहा कि प्रतिमा लगाने की तैयारी महीने भर से चल रही थी। फिर भी पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। यह बहुत बड़ी लापरवाही है। गौरतलब हैं कि कस्बा सिरौली के साहूकारा मोहल्ले में सार्वजनिक जमीन पर रविवार रात गुपचुप ढंग से आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दी गई थी। सोमवार को उप जिलाधिकारी आंवला और क्षेत्राधिकारी आंवला की अगुवाई में पुलिस प्रतिमा को हटवाने पहुंची तो जमकर बवाल हुआ। महिलाओं के पुलिस पर पथराव करने के बाद पुलिस को आंसू गैस गैस के गोले और लाठी चार्ज करके भीड़ को तीतर बितर करना पड़ा। तब कहीं जाकर पुलिस आंबेडकर की प्रतिमा को हटा सकी। एसएसपी चौरसिया ने बताया कि जाटव समुदाय के वोटों के लिए कुछ कथित लोगों द्वारा एक महीने से चंदा इकट्ठा कर आंबेडकर प्रतिमा लगाने की तैयारी की जा रही थी। इस पुरे मामले में बेखबर रहने पर उन्होंने थाना सिरौली के इंस्पेक्टर राजीव कुमार, हल्का इंचार्ज मोदी सिंह, सिपाही अंकित सिंह, जाने आलम, अक्षय कुमार को लाइन हाजिर कर दिया। क्षेत्राधिकारी आंवला अजय गौतम और पुलिस अधीक्षक देहात राजकुमार अग्रवाल से भी जवाब तलब किया गया है। उल्लेखनीय है कि कस्बा सिरौली में बगैर अनुमति आंबेडकर प्रतिमा लगाने पर सोमवार को हुए बवाल के बाद पुलिस ने 12 नामजद और 60 अज्ञात लोगों के खिलाफ थाना सिरौली में रिपोर्ट दर्ज की है।






## हिमाचल में बोले मल्लिकार्जुन खड़गे, पीएम बढ़ती बेरोजगारी की तरफ देख ही नहीं रहे, हम वादे पूरा करेंगे

शिमला। कांग्रेस के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आज भाजपा पर जबरदस्त तरीके से प्रहार किया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि भाजपा जो वादा करते हैं, वह पूरा नहीं करती है। इसके साथ ही उन्होंने हिमाचल प्रदेश में जनसभा को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि उनकी पार्टी ने जो भी वादा किया है उसे पूरा करेगी। अध्यक्ष बनने के बाद यह उनकी पहली चुनावी सभा थी। उन्होंने कहा कि कहा कि कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरह ऐसे वादे नहीं करती जिन्हें पूरा नहीं किया जा सके। खड़गे ने कहा कि पूरे देश में 14 लाख वैकेंसी खाली हैं और हिमाचल में 65 हजार वैकेंसी खाली हैं, उन वैकेंसीज को भरा नहीं जा रहा। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जब 13–14 लाख वैकेंसीज हैं, तो प्रधानमंत्री सिर्फ 70–75 हजार ही सर्टिफिकेट बांटते हैं। प्रधानमंत्री बढ़ती बेरोजगारी की तरफ देख ही नहीं रहे। उन्होंने कहा कि महंगाई बढ़ रही है, जीडीपी गिर रही है, इन समस्याओं की तरफ प्रधानमंत्री देख ही नहीं रहे। खड़गे ने कहा कि यहां किसानों–बागवानों के पास फसल–फल बेचने के लिए मंडी नहीं है, डेच नहीं है। यहां से फल सस्ते दाम पर खरीद कर बाहर ले जाकर महंगे बेचे जाते हैं। बड़े व्यापारियों को मोदी सरकार, यहां की सरकार सपोर्ट करती है, क्या आपको ऐसी सरकार चाहिए? उन्होंने कहा कि यहां हमने जो 10 वादे किए हैं, वो हम पूरा करेंगे। क्योंकि यूपीए सरकार के समय हमने डा. मनमोहन सिंह जी के नेतृत्व में ध्72000 करोड़ के कर्ज माफ किए थे। हम हिमाचल प्रदेश में भी किसानों के कर्ज माफ करेंगे।

खड़गे ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा पर तंज कसते हुए कहा, नड्डा जी का चुनाव कैसे हुआ, यह किसी को पता नहीं। भाजपा में चुनाव नहीं होता है, वहां सिर्फ नियुक्ति होती है। कांग्रेस में लोकतंत्र है।



# किसान खुश रहेगा तभी हमारा लक्ष्य पूरा होगा : अवंतिका सरावगी

## बलरामपुर चीनी मिल समूह की रौजागाँव यूनिट के विभिन्न ग्रामों में हुई कृषक गोष्ठी

रुदौली–अयोध्या । बलरामपुर चीनी मिल समूह की मालकिन अवंतिका सरावगी ने यूनिट रौजागाँव चीनी मिल के विभिन्न ग्रामों में दो दिवसीय कृषक गोष्ठी आयोजित करायी। जिसमे प्रथम दिवस में ग्राम शाहपुर मुरारपुर इब्राहिमाबाद एवं इमलिहा में तथा द्वितीय दिवस में ग्राम डुंडी (अमानीगंज) एवं महुआ में कृषक गोष्ठी सम्पन्न हुई। इन गोष्ठीयो मे सैकड़ो किसानो ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। गोष्ठी के दौरान बलरामपुर चीनी मिल की मालकिन अवंतिका सरावगी ने किसानों से सीधा सम्वाद करते हुए कहा कि "हमारे किसान खूब तरक्की करें और जब हमारा किसान खुश रहेगा तभी हमारा लक्ष्य पूरा होगा।" उन्होने किसानों से गन्ने की पैदावार बढ़ाने एवं इससे दोगुनी आमदनी करने के लिये सहफसली खेती एवं जैविक खेती शुरू करने की अपील की। उन्होने कहा कि किसान सही दिशा एवं वैज्ञानिक विधि के साथ नयी गन्ना प्रजातियों जैसे को० 15023 को०लख० 14201 एवं को० 0118 की बुवाई शरदकाल में सहफसली जैसे आलू, दलहनी एवं तिलहनी और सब्जिया लगाकर अधिक से अधिक रकबे में गन्ना बुवाई करें। साथ ही चीनी मिल की मालकिन ने किसानों की आर्थिक स्थिति पर विस्तृत चर्चा की और किसानों की समस्याओं को सुना तथा समस्याओं के यथा सम्भव निदान हेतु उन्हे आश्वस्त किया और किसानों को फसल प्रबन्धन की जानकारी विस्तार पूर्वक दी। साथ ही उन्होने मिल गेट एवं क्रय केन्द्र के क्षेत्रों के गांव–गावं मे जाकर किसानों के खेतों में शरदकालीन गन्ना बुवाई में भाग लिया और किसानों को दवा, खाद एवं बुवाई की विधि बता कर उनका मार्ग दर्शन किया। गोष्ठी में आवंतिका सरावगी के साथ इकाई प्रमुख सुधीर कुमार, सी०ओ०ई०सी० प्रमुख राजीव गुप्ता, महाप्रबन्धक (गन्ना) इकबाल सिंह भी मौजूद रहे। गाँव के सभी सम्मानित किसान भाइयो को शरदकालीन गन्ना बुवाई एवं फसल प्रबन्धन के बारे में बताया गया। इसके अलवा चीनी मिल अधिकारी सहा० महाप्रबन्धक (गन्ना) हरदयाल सिंह, प्रदीप कुमार, विकास सिंह, प्रेम सिंह, अनिल शुक्ला, अजीत राय, उपेन्द्र पाठक, विनोद श्रीवास्तव, अरविन्द सिंह, मदन प्रसाद, दानबहादुर, बृजेन्द्र कान्त सिंह, त्रिलोकीनाथ तिवारी, सन्दीप सिंह, अमित सिंह, दिनेष द्विवेदी, इन्द्रजीत यादव, विजय शंकर सिंह, अनूप शर्मा तथा सैकड़ों की संख्या में किसान इन गोष्ठीयो मे मौजूद रहें। गोष्ठीयो के कार्यक्रम के बाद अवंतिका सरावगी ने चीनी मिल मे जाकर मिल मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया व मिल को समय से चलाने के निर्देश दिये।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण के नाम पर किया जा रहा खिलवाड़ : श्याम कृष्ण

## –शिकायत के नाम पर बीएलओ बदले जाने का चल रहा खेल

अयोध्या। नगर निकाय चुनाव की तैयारियों पर समाजवादी पार्टी ने सरकार और प्रशासन पर मनमानी का आरोप लगाया है। पार्टी के महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव का आरोप है कि परिसीमन और मतदाता सूची पुनरीक्षण के नाम पर खिलवाड़ किया जा रहा है। आपत्तियों की सुनवाई नहीं हो रही और शिकायत के नाम पर बीएलओ बदले जाने का खेल चल रहा है। वह शाने अवध सभागार में पत्रकारों से मुखातिब थे। उन्होंने कहा कि परिसीमन में नक्शा कुछ और बनाया गया तथा मतदाताओं को 2 से 4 किलोमीटर दूर के वार्ड में जोड़ दिया गया। सत्ताधारी दल की साजिश से चुनाव आयोग के फरमान को ठेंगा दिखाया जा रहा है। बीएलओ ना तो सत्यापन के लिए घर जा रहे हैं और ना ही बूथों पर मिल रहे। जीत की गुणा–गणित को सेट करने के लिए कहीं मतदाताओं का नाम ही कटवाया जा रहा है तो कहीं उनको दूर किसी वार्ड में जोड़ दिया जा रहा है।बिना चुनाव घोषित हुए अभी से प्रशासन की मिलीभगत से निकाय पर कब्जा करने की कोशिश शुरू हो गई है। जीयनपुर गांव परिसीमन में दर्शन नगर वार्ड में है, लेकिन यहां के मतदाताओं को सरदार पटेल वार्ड में सम्मिलित कर दिया गया। सरदार पटेल वार्ड से नंदा पुर गांव के वोटर गायब है। चौधरी चरण सिंह वार्ड के मिर्जापुर शमशुद्दीन पुर गांव के वोटरों को 2 किलोमीटर दूर गंजा में जोड़ दिया गया। हद तो यह है कि शहर के महात्मा गांधी वार्ड में 4 किलोमीटर दूर स्थित अयोध्या के नोनहटिया ,कनीगंज,विद्याकुंड के मतदाताओं का नाम दर्ज है, जबकि विद्या खुद वार्ड है।

महानगर अध्यक्ष ने कहा कि आयोग के मानक एक वार्ड में 4500 से 5000 तक मतदाता होने चाहिये, लेकिन कहीं 2800–3000 तो कही 3–6 हजार मतदाता सची में है। झारखंडी वार्ड के मध्य स्थित बसंतहाता के मतदाताओं का नाम पुलिस लाइन वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। इतना ही नहीं एक ही मकान नंबर के मतदाताओं का नाम सूची में अलग–अलग क्रमांक पर दर्ज किया गया है। प्रशासन को ज्ञापन और शिकायत के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई। बीएलओ को लेकर शिकायत पर प्रभारी अधिकारी उसको बदल लेते हैं लेकिन प्रक्रिया जस की तस है। सरकार और आयोग निष्पक्ष चुनाव के लिए अभिलंब कदम उठाए। इस मौके पर महानगर प्रवक्ता राकेश यादव, महासचिव हामिद जाफर मीसम, उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव, पूर्व प्रमुख राम अचल यादव, मोहम्मद शाहबाज लकी मौजूद रहे।

## भागवत कथा की भक्तिके रस में डूबे भक्त

बीकापुर–अयोध्या। कोतवाली क्षेत्र के बुढ़नपुर में चल रहे साप्ताहिक भागवत कथा ज्ञान में व्यास पीठ पर विराजमान वृन्दावन से आये आचार्य प्रदीप मणी महराज ने कंश वध, प्रभू की रास लीला, और रुकमणि के विवाह पर प्रकाश डालते हुए,कहा जब किसी भी व्यक्ति को किसी तरह का अहंकार होता हैं, तो अहंकार को नष्ट करने का कार्य स्वयं प्रभू जी करते है ! इसी तरह कंश के सेना पतियों के पास दस–दस हाथियों के बराबर बल होने उसे अपनी सेना और स्वयं पर अहंकार हो गया था, जिसे मुरली वाले ने चकना चूर कर दिया ।उक्त कथा का विस्तार करते हुए आचार्य जी ने रासलीला पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान श्री राम के बन जाते समय जो नारी मिली थी उनकी इच्छा राम को छूने को हो रही थी जिस पर प्रभु राम ने कहा कि जब मैं कृष्ण रूप में आऊंगा तभी सभी के साथ खेलूंगा और स्पर्श करुगा !सभी गोपियों को देव लोक से अवतरित होना बताते हुए कहा कि मनुसिद्धा, रिचि सिद्धा, डन्डकारण रिऋ जैसे गोपियों के रुप मे अवतार लिया था, महराज जी ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण सभी गोपिकाओ को आत्म विभूति करा कर अपने मे विलीन किया। उक्त कथा को श्रवण करवा रहे महराज ने बताया कि राम अवतार मे शिव अंश हनुमान थे और कृष्ण अवतार मे बासुरी, जिस तरह राम की सेवा हनुमान ने किया था उसी तरह बांसुरी की सेवा कृष्ण ने किया है। उक्त कथा को श्रवण कर रहे भक्त गण प्रभू की राशि लीला पर संगीतमई कथा मे सैकडो की संख्या मे अपने स्थान पर खड़े होकर थिरकने पर मजबूर हो गये।

# माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ का हुआ सम्मेलन

## –सेवानिवृत्त शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

अयोध्या। उ.प्र. माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ जनपद अयोध्या का जनपदीय सम्मेलन, सेवानिवृत्त शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का सम्मान समारोह एवं जनपदीय कार्यकारिणी का निर्वाचन सकुशल संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा, संचालन प्रदेशीय उपाध्यक्ष कामता प्रसाद सिंह ने किया। प्रदेशीय मुख्य समन्वयक आशादीन तिवारी ने मां सरस्वती एवं संघ के संस्थापक स्व. शंभू नाथ वर्मा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक अयोध्या राजेंद्र कुमार पाण्डेय, वित्त एवं लेखाधिकारी माध्यमिक, कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक अयोध्या वीरेश कुमार वर्मा रहे, विशिष्ट विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रदेश महामंत्री संजय पुंडीर, कोषाध्यक्ष अनूप कुमार द्विवेदी, विद्यालय एम.एल. एम.एल. इंटर कॉलेज के प्रबंधक हर्ष कुमार मनूचा, प्रधानाचार्य जीतेंद्र कुमार राव एवं प्रदेशीय संघर्ष समिति संयोजक मुकेश सिन्हा, न्याय समिति संयोजक संग्राम सिंह यादव ने कर्मचारी समस्याओं के समाधान एवं उनके हितों की रक्षा के लिए उन्हें जागरूक होने पर बल दिया। प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने संगठन की प्रमुख मांगों में योग्यताधारी शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का शिक्षक के पदों पर पदोन्नति किए जाने, 300 दिनों के उपार्जित अवकाश का नकदीकरण दिए जाने, प्रबंध समिति में कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व दिए जाने, चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराए जाने, पुरानी पेंशन बहाल किए जाने, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नियुक्त आउटसोर्सिंग व्यवस्था को समाप्त करते हुए पुरानी व्यवस्था लागू किए जाने, पुरानी पेंशन बहाल किए जाने की मांग मंच के माध्यम से किया। अटेवा के जिला मंत्री उमाशंकर शुक्ल ने उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के मंच के माध्यम से पुरानी पेंशन बहाल किए जाने का समर्थन करते हुए पुरजोर मांग रखी। शिक्षक संघ के मंडलीय मंत्री रामानुज तिवारी, महाराजा इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. रामकृष्ण मिश्र ने सम्मेलन में उपस्थित होकर शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का मान बढ़ाया। जनपद की कार्यकारिणी के चुनाव हेतु नियुक्त किए गए चुनाव अधिकारी श्री नीरज पाण्डेय ने जनपद अयोध्या के निर्वाचन परिणाम की घोषणा की। सभी पदों पर एकल नामांकन होने से जिलाध्यक्ष के पद पर सुशील कुमार मिश्र, जिला मंत्री के पद पर अजीत कुमार चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष के पद पर श्री धर्मेंद्र कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर चक्रधर पाठक, कनिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर कृष्ण कुमार सिंह, अक्षत पाण्डेय, उप मंत्री के पद पर शिव बालक पाण्डेय, सर्वेश कुमार सिंह, संयुक्त मंत्री के पद पर सियाराम, संगठन मंत्री के पद पर आलोक पाण्डेय, शैलेंद्र कुमार सिंह, नंद कुमार यादव, प्रचार मंत्री के पद पर नरेंद्र कुमार, सह प्रचार मंत्री जितेंद्र कुमार तिवारी आय–व्यय निरीक्षक के पद पर ज्ञान प्रकाश सिंह एवं जनपदीय कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अमरजीत सिंह, अमित पाण्डेय, रमेश प्रसाद सिंह, पारसनाथ यादव, वेद प्रकाश मिश्र, पवन कुमार यादव, रामजीत निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम संयोजक अवधेश मिश्र ने सभी अतिथियों एवं कर्मचारी बंधुओं का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों में तुलसीराम यादव राम यज्ञ यादव, राम सूरत तिवारी, श्रीमती संतोष निषाद, श्री अजय कुमार तिवारी सहित अन्य सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों का रामनामी पट्टिका, रंगीन सचित्र सुंदरकांड एवं फूल माला से स्वागत कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न विद्यालय से आए हुए कर्मचारियों पदाधिकारियों में दिवाकर कुमार वर्मा, कमल कुमार श्रीवास्तव, संतोष कुमार सिंह, शिव शंकर पाण्डेय, शिव नरायन सिंह, शिवम पाण्डेय, मनोज कुमार, ब्रजकिशोर सुखराम सत्य नारायण तिवारी, अजय कुमार, योगेश पाठक, दिवाकर उपाध्याय, विनय कुमार, सज्जन कुमार, जगत नारायण सिंह, विनोद कुमार मिश्र, आदेश मोहन बाजपेई, अशोक कुमार तिवारी, अनूप कुमार शुक्ला, संतोष कुमार सिंह, लवकुश कुमार मिश्रा, शंकरनाथ यादव, अमरीश यादव, अखिलेश दीक्षित, रामसूरत, वीरेंद्र सिंह भदोरिया, रमा प्रकाश मिश्र, श्रवण कुमार, सुभाष चंद्र, जय प्रकाश, बृजेश वर्मा, अविनाश पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

## कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर बारुन में लगा मेला

बारून–अयोध्या। तमसा नदी के किनारे स्थित बारुन बाजार में प्रसिद्ध और ऐतिहासिक कार्तिक पूर्णिमा का मेला लगा।सदियों से चली आ रही परंपरा के अनुसार बारुन बाजार के मेले में इस बार भी लोगों ने हर्षोल्लास के साथ जमकर खरीदारी किया।मेले में पिछले 50 वर्ष से अपनी दुकान लगा रहे मवई निवासी 76 वर्षीय चूरन विक्रेता संत प्रसाद गुप्ता अपने अवधी गीतों के कारण आकर्षण का केंद्र रहे।उन्होंने बताया कि वह विगत 50 वर्षों से इस मेले में अपनी दुकान लगा रहे हैं।अपने अनुभवो को साझा करते हुए कहा कि एक दौर वह भी था जब इस मेले में पचासों हजार की संख्या से भी ज्यादा लोगों का आगमन होता था परन्तु अब परिस्थितियां बदल गई और मेलार्थियों की संख्या में कमी आई है फिलहाल मेले में लोगों का उत्साह अभी भी बरकरार है।मेले में तरमा के पूर्व प्रधान अरविंद सिंह गुड्डू,जगदीश दुबे, मुमताज अहमद,रानू राव,मो इश्तियाक, अमरजीत यादव,रामजीत,चांदबाबू खान,सनीत कुमार,अरुण कुमार,सोनू सिंह,धर्मपाल पांडे, पप्पू चौहान,चंद्रपाल मौर्य,रमेश चौहान,भोला यादव,अशोक रावत,सचिन यादव,राज कुमार,कमल त्यागी समेत हजारों की संख्या में मेलार्थी मौजूद रहे।मेले में चौकी प्रभारी बारुन बाजार बबलू कुमार, कांस्टेबल आशीष पांडेय,बसंत यादव,शिवम शुक्ला,अच्युतानंद यादव के साथ मेले में मुस्तैद रहे।

## महिला पर धर्म परिवर्तन कर शादी करने का बनाया दबाव,विरोध पर जान से मार देने की दी धमकी

कानपुर। शहर में चकेरी जाजमऊ में एक महिला पर धर्म परिवर्तन कर उसके साथ शादी करने का दबाव बनाया गया। विरोध पर पीड़िता का अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर देने की धमकी दी गई। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ जाजमऊ थाने में मामला दर्ज कराया है। सनिगवां निवासी पीड़िता के अनुसार उनका विवाह एक वर्ष पूर्व उन्नाव निवासी युवक के साथ हुआ था। लेकिन कुछ माह पहले दहेज की मांग पूरी न होने पर पति ने उन्हें नवजात के साथ घर से निकाल दिया था। तब से वह अपने बच्चें और वृद्ध मां के साथ मायके में रह रही हैं। साथ ही जाजमऊ स्थित एक बिल्डिंग मैटीरियल की दुकान में काम कर अपना गुजर बसर कर रही हैं। पीड़िता के अनुसार वहां पर ठेकेदार जाजमऊ निवासी महताब आलम अंसारी उन्हें परेशान करता था। साथ ही बहाने से उनके घर पर आने जाने लगा। इसके बाद आरोपी उनपर जबरन धर्म परिवर्तन कर उसके साथ विवाह करने का दबाव बनाने लगा। आरोप है कि चार नवंबर की शाम को आरोपी ने उसे फोन किया। तो गाली गलौज कर जबरन धर्म परिवर्तन कर शादी करने का दबाव बनाने लगा। विरोध किया तो उनका अश्लील वीडियो बनाकर वायरल कर देने और बच्चे व मां को जान से मार देने की धमकी दी। इसके बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत की। आरोप है कि पुलिस ने मामूली धारा में मामला दर्ज कर खानापूर्ति कर दी। जाजमऊ थानाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## ऑनलाइन ठगी के आरोपी की तलाश में कर्नाटक पुलिस ने मारा छापा

कानपुर देहात। रसूलाबाद क्षेत्र के बंदरहा गांव में .दोपहर कर्नाटक पुलिस ने छापेमारी की। ऑनलाइन ठगी करने के आरोपी की तलाश में पुलिस ने छापा मारा। आरोपी के भाई को पुलिस ने हिरासत में लिया है। रसूलाबाद क्षेत्र के बंदरहा गांव निवासी अंकित पुत्र रामकिशन गुड़गांव में रहता है। दोपहर थाना मेडीकेरी जिला कोटगू कर्नाटक से पुलिस टीम के दीपक,शारद व सितारामप्पा ने रसूलाबाद पुलिस के साथ बंदरहा में छापा मारा। कर्नाटक पुलिस के अनुसार अंकित साथियों के साथ ऑनलाइन सामान बिक्री का काम करता है। उसने कर्नाटक से 35 लाख रुपए की ठगी कर ली। मामले में क्राइम पुलिस थाना मेडीकेरी में धारा 420,66 डी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अंकित की तलाश में छापेमारी कर रही है। सर्विलांस के अनुसार आरोपी की लोकेशन लखनऊ में मिल रही है। कर्नाटक पुलिस की एक टीम ने लखनऊ व दूसरी टीम रसूलाबाद पहुंची। गांव में अंकित के भाई दीपक को पुलिस साथ लेकर रवाना हो गई है। रसूलाबाद एसएसआई भारत सिंह ने बताया कि आरोपी के भाई को कर्नाटक पुलिस साथ ले गई है।

## मट्ठा पीने से 13 बच्चों की हालत बिगड़ी, सीएचसी में भर्ती

### –सीएमओ ने भर्ती बच्चों का जाना हाल कहा–हालत में हो रहा सुधार

रूदौली–अयोध्या । रुदौली तहसील के बाबाबाजार थाना क्षेत्र के सैदपुर गांव में . मट्ठा पीने से 13 बच्चों के अचानक बीमार हो जाने से गांव में अफरा तफरी मच गई सूचना पर पहुंची पीआरवी डायल 912 की पुलिस ने बीमार बच्चो को तत्काल सीएचसी रूदौली पहुंचाया जहां बच्चों का इलाज चल रहा है।

जानकारी के मुताबिक रुदौली तहसील के बाबाबाजार थाना की सैदपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम गोंडियन का पुरवा गांव निवासी राम विकास की भैंस ने पांच छह दिन पूर्व बच्चा दिया था जिसका पूजा पाठ करने के बाद आये हुए लोगों को प्रसाद का वितरण किया गया जिसमें बच्चो को भी पीने के लिए मट्ठा दिया गया। मट्ठा पीने के कुछ देर बाद ही बच्चों को पेट मे दर्द व पल्टी शुरू हो गई जिससे बच्चों के परिजनों व गांव में कोहराम मच गया।

ग्रामीणों ने घटना की सूचना सैदपुर चौकी व डायल 112 को सूचना दी सूचना मिलते ही सैदपुर चौकी प्रभारी सतीशचंद्र पुलिस टीम के साथ व पीआरवी डायल 912 की पुलिस ने तत्काल गांव पहुंचकर तत्प्रता दिखाते हुए पल्टी व पेटदर्द से कराह रहे सोनी पुत्री सहजराम 6 वर्ष,पल्लवी पुत्री सुरेश 8 वर्ष,रेशमा पुत्री सुरेश 10 वर्ष,आयुषी पुत्री रमेश 6 वर्ष, नन्दनी पुत्री बुधई 8 वर्ष,रणजीत पुत्र बुधराम 8 वर्ष,आयुष पुत्र बालक 4वर्ष गुड़िया पुत्री पलई 6 वर्ष,सर्वजीत पुत्र बुधराम 6 वर्ष,सुभानी पुत्री सहजराम 5 वर्ष,राधेश्याम पुत्र सहजराम 8 वर्ष व जिसके यहां पूजा पाठ का कार्यक्रम उनकी भी एक पुत्री कोमल 9 वर्ष व एक पुत्र दीपक 7 वर्ष सहित 13 बच्चों को गम्भीर हालत में सीएचसी रूदौली में भर्ती कराया। बच्चों के सीएचसी पहुंचते ही सीएचसी अधीक्षक डाक्टर मदन बर्नवाल व डाक्टर फहीम आदि डाक्टरों ने तत्काल बच्चों का इलाज शुरू किया जहां बच्चों की हालत में धीरे धीरे सुधार हो रहा है।

इस सम्बंध में सीएचसी अधीक्षक डाक्टर मदन बर्नवाल ने बताया कि सैदपुर गांव के बगल के गांव गोंडियन का पुरवा गांव में एक कार्यक्रम में मट्ठा पीने से 13 बच्चों को पेटदर्द व पल्टी शुरू हो गई जिनका इलाज सीएचसी में चल रहा सभी बच्चों की हालत में काफी सुधार हो रहा है बच्चों की स्थित नियंत्रण में है सभी बच्चों का इलाज चल रहा है।

वहीं घटना की सूचना मिलते ही सीएमओ डा. अजय राजा भी सीएचसी रुदौली पहुंचे और बच्चो का हालचाल जना और सीएचसीअधीक्षक डाक्टर मदन बर्नवाल से बच्चो के इलाज के लिए बेहतर इलाज करने को कहा। सीओ रूदौली आशुतोष कुमार मिश्रा को जैसे ही 13 बच्चों के बीमार होने की जानकारी मिली वह तत्काल पहुंचे सीएचसी रूदौली और भर्ती बच्चों का लिया हालचाल और बच्चों को चॉकलेट दिया। रूदौली विधायक रामचन्द्र यादव ने भी सीएचसी रुदौली पहुंचकर बीमार बच्चो का हाल चाल लिया और सीएचसी अधीक्षक डा. मदन बर्नवाल को बच्चों की बेहतर चिकित्सा के निर्देश दियें।

## बिहार के साल्वर को पुलिस ने भेजा जेल

कानपुर। कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) की परीक्षा में साल्वर गैंग ने शहर के कल्याणपुर निवासी युवक ने अपने स्थान पर परीक्षा देने के लिए बिहार के साल्वर को बुला लिया। वह परीक्षा देने के लिए कल्याणपुर के एक विद्यालय में पहुंच भी गया लेकिन फोटो का मिलान नहीं होने पर विद्यालय प्रबंधन ने उसे कल्याणपुर पुलिस के हवाले कर दिया। प्रधानाचार्य की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। अब असली अभ्यर्थी के साथ पूरे गिरोह का नेटवर्क खंगाल रही है। रविवार को एसएससी की मल्टीटास्किंग स्टाफ की भर्ती परीक्षा थी। इसके लिए कल्याणपुर राजकीय उन्नयन बस्ती स्थित आश्रम पद्धति विद्यालय को भी केंद्र बनाया गया था। वहां एक संदिग्ध युवक दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने पहुंचा तो गेट पर जांच में उसके प्रवेश पत्र में मौजूद फोटो का मिलान नहीं हुआ। इस पर विद्यालय प्रबंधन ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस युवक को कल्याणपुर थाने ले आई, वहां उसने पूछताछ में अपना नाम बिहार के वैशाली निवासी रवि कुमार बताया। उसने बताया कि वह कल्याणपुर निवासी सनी कुमार नामक युवक के स्थान पर परीक्षा देने पहुंचा था। कल्याणपुर थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. संतोष कुमार श्रीवास्तव की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे पूछताछ कर साथियों के बारे में जानकारी की जा रही है। जल्द ही सनी को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

## कानपुर में पीएफआई के ठिकानों पर एनआईए की छापामारी: दो संदिग्ध हिरासत में लिए गए

कानपुर। बीती तीन जून को हुई कानपुर हिंसा में पीएफआई का कनेक्शन सामने आया था। एनआईए की टीम ने दलेलपुरवा (बांसमंडी) में 3 जगह पर छापामारी की। चर्चा यह भी है कि दो संदिग्ध हिरासत में लिए गए हैं।

कहा जा रहा है कि जहां पर एनआईए की टीमें दस्तावेज खंगाल रही हैं। वो सभी पीएफआई के दफ्तर हैं। फिलहाल लोकल थानों की पुलिस इस मामले में कुछ कहने से बच रही है। एनआईए के अधिकारियों के मुताबिक जांच खत्म होने के बाद ही आधिकारिक तौर पर कुछ कहा जाएगा। पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया को आर्थिक मदद और संगठन को मजबूत करने वालों की तलाश में राष्ट्रीय जांच एजेंसी लगातार देश भर में छापेमारी कर रही है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी की तीन सदस्यीय टीम ने अनवरगंज थाना क्षेत्र के बांस मंडी स्थित दलेल पुरवा में बेबिस कंपाउंड में छापा मारा। सूत्रों की मानें तो एनआईए ने दो लोगों को हिरासत में लिया और साथ लेकर चली गई। टीम ने चमनगंज,बाबूपुरवा और जाजमऊ क्षेत्रों में भी छापेमारी की है। टीम को यहां रहने वाले तीन युवाओं की तलाश है। सूत्रों की मानी जाए तो जांच एजेंसी के सदस्य डिप्टी पड़ाव स्थित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के पुराने कार्यालय भी गए। हालांकि संगठन को प्रतिबंधित किए जाने के बाद से कार्यालय बंद है और लंबे समय से कोई चहलपहल नहीं देखी गई है। बीती तीन जून को शहर में हुए उपद्रव के बाद इस कार्यालय की भूमिका संदिग्ध बताई गई थी। एनआईए के बाद अनवरगंज थाना पुलिस ने भी दोनों संदिग्धों के घर जाकर परिवारवालों से लंबी पूछताछ की। बीते दिनों इस बात का दावा किया जा रहा था कि पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के तमाम लोग कानपुर में छिपे हैं। नागरिकता संशोधन कानून के दौरान हुए बवाल और तीन जून को हुए बवाल में भी पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया की भूमिका सामने आई थी। कानपुर में लगभग 8 सदस्यों को चिन्हित करके गिरफ्तार किया गया और जेल भेजा जा चुका है। तीन सदस्य अभी भी जेल में हैं,जबकि बाकी रिहा हुए पांच में एक फरार है। उसके बारे में पुलिस को कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

## कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की लगाई डुबकी,बंद रहे मंदिरों के पट

कानपुर। शहर में चंद्र ग्रहण से पूर्व कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई और सुख समृद्धि की कामना की। घाटों पर तड़के ही श्रद्धालु पहुंच गए थे, हालांति ग्रहण के कारण संख्या अपेक्षाकृत कम रही। वहीं मंदिरों के पट सुबह 9 बजे से पूर्व ही बंद कर दिए गए। चंद्रग्रहण के कारण लोग सूतक से पहले सुबह 08:10 बजे से पहले ही लोगों ने गंगा में डुबकी लगाई। वैसे लोग इसके बाद भी स्नान करते दिखे। बिठूर, मिश्रा घाट, काली घाट, सरसैया घाट, खेरेश्वर, सिद्धनाथ घाट, मेस्कर घाट, गोला घाट आदि पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। बिठूर में मेला लगा। यहां बड़ी संख्या में बच्चों ने झूला झूला। अन्य घाटों पर भी मेले का माहौल रहा। श्रद्धालुओं ने घाटों पर दान भी किया।

# नगर निकायों में होगी भाजपा की सरकार:धर्मेंद्र सिंह

## भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र सिंह का बर्डपुर मंडल में हुआ भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत







दैनिक बुद्ध का संदेश

बर्डपुर/सिद्धार्थनगर। भारतीय जनता पार्टी गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं नवनिर्वाचित विधान परिषद सदस्य डॉ धर्मेंद्र सिंह के जनपद सिद्धार्थनगर प्रथम आगमन पर जिलाध्यक्ष गोविंद माधव के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों समेत भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह से उनका भव्य स्वागत किया। जनपद आगमन के पश्चात भारतीय जनता पार्टी बर्डपुर मंडल क्षेत्र में मंडल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय के अगुवाई तथा जिला मंत्री अजय उपाध्याय ने निर्देशन में मंगलवार की देर शाम मधुबनिया चौराहे पर भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने अपने क्षेत्रीय अध्यक्ष का भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया स्वागत के क्रम में जहां महिला मोर्चा की कार्यकर्त्रियों ने पुष्प वर्षा की वहीं कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से उन्हें साज दिया तो वहीं मण्डल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय ने स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। भाजपा कार्यकर्ताओं के भव्य स्वागत से वह बहुत ही अभिभूत नजर आए। स्वागत के दौरान उन्होंने आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ है यह स्वागत मेरा नहीं बल्कि उन सभी तपस्वी कार्यकर्ताओं का है, जिनके बल पर आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की नंबर एक की पार्टी बनी हुई है तथा इन्ही देवतुल्य कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम एवं बल पर आज केंद्र में तथा उत्तर प्रदेश में पुनः भारी बहुमत से परम पूज्य योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी के सरकार बनी है। जो प्रदेश में विकास के साथ ही सुरक्षा एवं न्यायप्रिय कानून व्यवस्था को लेकर कटिबद्ध है। उन्होंने केंद्र व प्रदेश की तर्ज पर आगामी निकाय चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत से विजय दिलाने को लेकर सभी से अपील करते हुए कहा कि अंत्योदय के लक्ष्य तथा सबका साथ सबका विकास की संकल्पना को लेकर चलने वाली मोदी–योगी सरकार की विकासपरक योजनाएं के माध्यम से नगर निकायों में भी रहने वाले शोषित वंचित एवं अतिपिछड़े परिवार भी लाभान्वित हो सके इसको लेकर नगर पंचायत एवं नगर पालिका क्षेत्रों में भी भाजपा की सरकार बनाना होगा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सदर विधायक श्यामधनी राही समेत पूर्व मंत्री डॉ सतीश द्विवेदी, पूर्व विधायक डुमरियागंज राघवेंद्र प्रताप सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष विश्वजीतांशु आंसू, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उपेंद्र प्रताप सिंह,जिला महामंत्री विजयकांत चतुर्वेदी, विपिन सिंह, जिला मंत्री फतेह बहादुर सिंह, विनीत कमलापुरी, किसान मोर्चा अध्यक्ष अजय शर्मा का भी भव्य स्वागत किया। इस दौरान मंडल महामंत्री अभिषेक कसौधन, सुरेंद्र यादव सहित सत्यप्रकाश राही, मोहन चौधरी, मुरारी सिंह, प्रतिमा दुबे, विजय मोदनवाल, आलोक श्रीवास्तव, संतोष उपाध्याय, विवेक गोस्वामी, निशांत पाण्डेय, अनिरुद्ध विश्वकर्मा, सतीश जयसवाल, रामविलास मौर्या, रामकृपाल मिश्रा, राधे कृष्ण, पराग यादव, संजय मिश्रा, सीताराम, रामराज, राकेश तिवारी, अशर्फीलाल, पवन पाठक, अफजल हुसैन, सोनू गौड़, श्यामविहारी मिश्रा, आशीष मिश्रा, आशीष मिश्रा, बालकृष्ण पाठक, राजकुमार चौधरी ,राजेंद्र विश्वकर्मा, दीपू सिंह, रामशंकर, विनय कुमार, आनंद श्रीवास्तव, विजय जयसवाल, रजत तिवारी, गणेश लोधी, रवि पाण्डेय, परशुराम साहनी, प्रवेश शुक्ला, उमेश यादव, अनीता शर्मा, विंध्यवासिनी, रेनू चौधरी, उर्मिला, पुनीता, निशा, ज्ञानमती, सुनीता दुबे आदि ने स्वागत किया। वहीं इसके पश्चात घोषवा, ब्लॉक तिराहा, बर्डपुर चौक, बर्डपुर, उमेश मार्केट के सामने, बैंक चौराहा, बुद्ध तिराहा, पेट्रोल पम्प चौक, मोहना चौराहा पर भी देर शाम तक भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत अभिनंदन किया।

# राष्ट्रीय बाल विज्ञान के लिये प्राथमिक विद्यालय जोगिया के बच्चों की तैयारियां पूरी







रवि जायसवाल/

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। 30वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कॉंग्रेस के तहत प्रोजेक्ट प्रस्तुतिकरण हेतु उच्च प्राथमिक विद्यालय जोगिया के बच्चों की तैयारियां पूरी हो चुकी है। इस प्रस्तुतिकरण का जनपद स्तरीय आयोजन 10 नवम्बर 2022 को रघुवर प्रसाद जायसवाल इंटर कालेज सिद्धार्थनगर में निर्धारित है। प्रोजेक्ट का मुख्य विषय, स्वास्थ्य और कल्याण के लिए परितंत्र को समझनाष् के तहत बच्चों ने अपने प्रोजेक्ट को उपविषय ष्अपने परितंत्र को समझना चयनित किया है। ग्रुप लीडर मानसी साहनी और ग्रुप सदस्य अर्शिया सिद्दीकी की टीम के प्रोजेक्ट का शीर्षक है–स्थानीय खेतों की मृदा–प्रकृति और उनकी उत्पादन क्षमता का अध्ययन। इनके गाइड टीचर अंशुमान सिंह ने बताया कि इस प्रोजेक्ट में स्थानीय परिवेश के विभिन्न कृषि क्षेत्रों में फसलों की पैदावार की मात्रा में भिन्नता के कारण एवं उसके समाधान को खोजने का प्रयास किया गया है। पैदावार में भिन्नता के विभिन्न कारणों में से एक कारण, मृदा स्वास्थ्य को केंद्र बिंदु में रखते हुए यह प्रोजेक्ट कार्य किया गया है। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत गांव में सर्वेक्षण कार्य करके सर्वाधिक पैदावार वाले पांच कृषि क्षेत्रों व सबसे कम पैदावार वाले पांच कृषि क्षेत्रों को चिन्हित करके उनके मृदा का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है। मृदा स्वास्थ्य परीक्षण के अंतर्गत मिट्टी का पी. एच. मान ज्ञात किया गयायजो कि इस संकल्पना पर आधारित रहा कि यदि मिट्टी का पी.एच. मान 6 से 8 के बीच है तो उस मिट्टी में उसके लिए आवश्यक अधिकांश पोषक तत्व उचित मात्रा में है और इसमें पैदावार की अच्छी स्थिति मिली।

जबकि कम पैदावार वाले खेतों के मिट्टी का पीएच मान 6 से कम अथवा 8 से ऊपर पाया गया। स्थानीय लोगों को इस प्रोजेक्ट के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है कि वे अपने खेतों के मिट्टी की जांच समय–समय पर जरूर कराएं और मृदा स्वास्थ्य परीक्षक द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर मृदा हेतु आवश्यक पोषक तत्वों की पूर्ति करने वाले खाद का प्रयोग करें। जिससे मिट्टी की उत्पादन क्षमता में वृद्धि हो सके। इस प्रोजेक्ट को जनपद स्तरीय आयोजन में प्रस्तुत करने हेतु विद्यालय के सभी शिक्षकों– राम प्रताप शर्मा, अंशुमान सिंह, प्रदीप कुमार पाण्डेय, साजदा खातून, शिव कुमार पांडेय के साथ साथ खण्ड शिक्षा अधिकारी कुंवर विक्रम पाण्डेय व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने शुभकामनाएं दी हैं।

# कमीशन मागने की घटना है सत्य: डॉ पवन मिश्रा

श्रवण पटवा/

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ/सिद्धार्थनगर। विकास खण्ड कार्यालय पर प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष डा. पवन मिश्र के समर्थन मे ग्राम प्रधानो ने एक बैठक किया जिसमे ग्राम प्रधानो ने शोहरतगढ विधायक विनय वर्मा के द्वारा कमीशन लेने की बात को सही ठहराते हुए प्रधान संगठन के आवाज को बुलंद किया। बैठक मे मौजूद प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष डा.पवन ने कहा कि शोहरतगढ विधायक विनय वर्मा द्वारा कमीशन मागने की घटना सत्य है। समय पर सबूत सहित उपस्थित रहूंगा। बीते 30 तारीख को मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, अनुप्रिया पटेल को ज्ञापन भेजकर कार्यवाही की मांग प्रधान संगठन के द्वारा किया था जिससे विधायक परेशान है और ग्राम प्रधानो के आवाज को दबाने के लिए प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष का जांच करवा रहे है। पवन मिश्र ने कहा कि हम जांच के लिए तैयार है अच्छी बात है निष्पक्ष जांच होनी चाहिए यह भाजपा सरकार है। यहा सभी को न्याय मिलता है। प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष ने कहा कि हमारे ऊपर विधायक द्वारा लगाये गए आरोप निराधार है। विधायक प्रधानो के आवाज को दबा नही पायेंगे। मै भी विधिक सलाह लेकर जल्द ही बिधायक शोहरतगढ के खिलाफ मुकदमा करेंगे। इस दौरान प्रधान संगठन के ब्लाक अध्यक्ष जफर आलम, सुनील सिंह, कमलेश कुमार दूवे, अब्दुल अजीज, पवन कुमार, अफसाना, रामपसाद, विनोद शर्मा, अजय कुमार मिश्र, सुबाष यादव, राजेन्द्र पाल, राम कुमार, रामदास, पिन्टू पटेल, गंगाधर मिश्र, करम हुसैन, वीरेंद्र चौधरी, विन्ध्याचल गिरी, राजेन्द्र सहानी, कैलाश आदि मौजूद रहे।



- **प्रधान संगठन ने विधायक विनय वर्मा पर लगे आरोप को सत्य साबित करने का किया वादा**
- **तूल पकड़ सकता है प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष और शोहरतगढ़ विधायक के एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप**

# रामेश्वर पाण्डेय ने किया भाजपा नेताओं का स्वागत

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। नगर पंचायत उसका बाजार के मथुरा नगर तेतरी बुजुर्ग चौराहे अपने सैकड़ों समर्थकों और नगरवासियों के साथ पर किया जोरदार स्वागत। इसी क्रम में पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री डॉक्टर सतीश द्विवेदी का भी हुआ भव्य स्वागत। भाजपा नेता रामेश्वर पाण्डेय पिछले 2017 के नगर निकाय चुनाव में भी भाजपा से टिकट मांग रहे थे। सामान्य महिला सीट पर भी टिकट न मिलने पर भी भाजपा प्रत्याशी का पर्चा दाखिल करवाकर समर्थन किया। इस बार भी पाण्डेय के समर्थकों और भाजपा कार्यकर्ताओं में तेतरी चौराहे पर एक अलग ही उत्साह दिखा। एक बार फिर भाजपा नेता रामेश्वर पांडेय ने फिर अपनी दावेदारी पक्की की है हालांकि अभी सीटों आरक्षण तय नही है।





# भनवापुर सीटू फसल अवशेष प्रबंधन के अंतर्गत प्रक्षेत्र दिवस आयोजित किया गया






दैनिक बुद्ध का संदेश

भनवापुर/सिद्धार्थनगर। सीटू फसल अवशेष प्रबंधन के अंतर्गत प्रक्षेत्र दिवस आयोजित किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र सोहना सिद्धार्थनगर के वैज्ञानिकों द्वारा गाँव मंगुआ विकास खण्ड इटवा में इन सीटू फसल अवशेष प्रबंधन के अंतर्गत प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ प्रदीप कुमार नें किसानों को प्रक्षेत्र दिवस के अवसर पर किसानों को धान फसल के उपरांत गेहूं की सीधी बुआई किसानों के लिए काफी लाभदायक है। सीधी बुआई से किसानों को प्रति एकड़ तीन हजार की बचत होगी। गेहूं की सीधी बुवाई के लाभ के बारे में बताया कि फसलों के पौधों जड़ों में जल्दी सूखा नहीं आता। सिंचाई की जरूरत कम हो जाती है। फसलों में पहली सिंचाई देर से व कम सिंचाई करने के कारण खरपतवार, बीमारियां और कीट प्रकोप भी कम आता है। डॉ शेष नारायण सिंह ने बताया कि प्रक्षेत्र दिवस के आयोजन का उद्देश्य किसानों और विज्ञानियों के बीच धरातल पर संवाद स्थापित करना होता है ताकि तकनीक की अच्छाइयों और बुराइयों को जान सकें। डॉ एस के मिश्रा ने बताया कि इस परियोजना के अंतर्गत जो भी प्रदर्शन किया गया है, वहां ज्यादा से ज्यादा किसानों को भ्रमण कराना है। जिससे किसान उक्त तकनीक को खेतों पर देखकर उसकी जानकारी हासिल कर सकें और तकनीक आधारित खेती कर सकें। नई बीज लेपित तकनीक पानी बचाने व खरपतवार की रोकथाम करने में सक्षम है। मृदा विशेषज्ञ प्रवेश कुमार नें किसानों को धान के अवशेष को खेत में सड़ाकर उन्नतशील अधिक उपज देनें वाली गेंहूँ की बुबाई 15 नवंबर से पहले करें तो अधिक उपज प्राप्त होगी और गेंहूँ की बुबाई के समय दाप डी ए पी और एम ओ पी का प्रयोग करें और यूरिया का प्रयोग पहली और दूसरी सिचाई करें द्यइस अवसर पर चेतन राम, कुदई चौधरी, बजरंगी लाल, राम शब्द यादव, चांद राम, भुवनेश्वर, भगवान दीन, सभा पति यादव आदि किसानों नें प्रतिभाग किया।

## सम्पादकीय

**कांग्रेस को उम्मीद थी कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंदर सिंह हुड्डा की वजह से जाट का एकमुश्त वोट उसे मिलेगा लेकिन यह उम्मीद पूरी नहीं हुई। जाट वोट में इनेलो और आम आदमी पार्टी ने सेंध लगा दी। करीब 16 हजार वोट से कांग्रेस के जयप्रकाश हार गए। इसके साथ ही हिसार लोकसभा क्षेत्र कांग्रेस मुक्त हो गया। इस क्षेत्र की नौ...**

# राहुल की यात्रा का लाभ दिखा नहीं




कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा को दक्षिण भारत के राज्यों में बहुत अच्छा रिस्पांस मिला है। राहुल गांधी के नेतृत्व में हो रही इस यात्रा के दो महीने पूरे हो गए हैं। जिस दिन यात्रा के दो महीने पूरे हुए उससे एक दिन पहले छह राज्यों की सात विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे आए और अगर यात्रा के चुनावी फायदे के हिसाब से देखें तो लाभ शून्य रहा। राहुल जिस राज्य में यात्रा कर रहे थे वहां भी कांग्रेस अपना पिछला प्रदर्शन नहीं दोहरा सकी। कांग्रेस की सहयोगी पार्टियों ने जरूर अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन खुद कांग्रेस जहां भी लड़ी वहां उसका प्रदर्शन बहुत खराब रहा। भारत जोड़ो यात्रा जिस समय तेलंगाना में चल रही थी उसी समय मुनुगोडे विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए मतदान हुआ। कांग्रेस पार्टी का राजगोपाल रेड्डी 2018 के विधानसभा चुनाव में इस सीट पर 37 हजार से ज्यादा वोट से जीते थे। बाद में उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया और भाजपा में शामिल हो गए। उपचुनाव में भाजपा ने उनको टिकट दी थी। उपचुनाव में सत्तारूढ़ टीआरएस के प्रभाकर रेड्डी को 97 हजार और राजगोपाल रेड्डी को 89 हजार वोट मिले, जबकि कांग्रेस की पी सरवंती रेड्डी को सिर्फ 23 हजार वोट मिले। यानी कांग्रेस पिछली बार जितने वोट से जीती थी उससे भी कम वोट उपचुनाव में मिला। इसी तरह ओडिशा की धामनगर सीट पर कांग्रेस का बहुत बुरा हाल रहा। कांग्रेस उम्मीदवार की जमानत जब्त हो गई। भाजपा के सूर्यबंशी सूरज को 80 हजार, बीजद के अबंति दास को 70 हजार और कांग्रेस के बाबा हरेकृष्णा सेठी को साढ़े तीन हजार वोट मिले। कुल मतदान का महज दो फीसदी वोट कांग्रेस को मिला। इस सीट पर चुनाव लड़े एक निर्दलीय उम्मीदवार को भी पांच फीसदी वोट मिले थे। कांग्रेस का उम्मीदवार उससे भी नीचे यानी चौथे स्थान पर रहा। यह ओडिशा में कांग्रेस के पूरी तरह से खत्म हो जाने का संकेत है। कांग्रेस बिहार की मोकामा और गोपालगंज, उत्तर प्रदेश की गोला गोकर्णनाथ और महाराष्ट्र की अंधेरी ईस्ट सीट पर नहीं लड़ी थी। पार्टी तेलंगाना और ओडिशा की सीट पर लड़ाई में होने की उम्मीद नहीं कर रही थी। लेकिन हरियाणा की आदमपुर सीट पर कांग्रेस ने पूरी ताकत लगाई थी और ऐसा लग रहा था कि वहां कांग्रेस का उम्मीदवार अच्छा प्रदर्शन करेगा। लेकिन आदमपुर सीट पर भी कांग्रेस बड़े अंतर से हारी। कांग्रेस को उम्मीद थी कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंदर सिंह हुड्डा की वजह से जाट का एकमुश्त वोट उसे मिलेगा लेकिन यह उम्मीद पूरी नहीं हुई। जाट वोट में इनेलो और आम आदमी पार्टी ने सेंध लगा दी। करीब 16 हजार वोट से कांग्रेस के जयप्रकाश हार गए। इसके साथ ही हिसार लोकसभा क्षेत्र कांग्रेस मुक्त हो गया। इस क्षेत्र की नौ विधानसभा सीटों में से पांच भाजपा और चार उसकी सहयोगी जजपा के पास हैं। आदमपुर सीट पहले कांग्रेस के पास थी लेकिन कुलदीप बिश्नोई के पाला बदल कर भाजपा के साथ जाने के साथ ही यह सीट उसके हाथ से निकल गई थी।

# भारत में शिक्षा की दुर्दशा

वेद प्रताप वैदिक

भारत में शिक्षा की कितनी दुर्दशा है, इसका पता यूनेस्को की एक ताजा रपट से चल रहा है। 75 साल की आजादी के बावजूद एशिया के छोटे–मोटे देशों के मुकाबले भारत क्यों पिछड़ा हुआ है, इसका मूल कारण यह है कि हमारी सरकारों ने शिक्षा और चिकित्सा पर कभी समुचित ध्यान दिया ही नहीं। इसीलिए देश के मुट्ठीभर लोग अपने बच्चों को प्रायवेट स्कूलों में पढ़ाते हैं और निजी अस्पतालों में अपना इलाज करवाते हैं। देश के 100 करोड़ से भी ज्यादा लोगों के बच्चे उचित शिक्षा–दीक्षा से और वे लोग पर्याप्त चिकित्सा से वंचित रहते हैं। यूनेस्को ने भारत में खोज–पड़ताल करके बताया है कि देश के 73 प्रतिशत माता–पिता अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ाना पसंद नहीं करते हैं, क्योंकि वहां पढ़ाई का स्तर घटिया होता है। वहां से पढ़े हुए बच्चों को ऊँची नौकरियां नहीं मिलती हैं, क्योंकि उनका अंग्रेजी ज्ञान कमजोर होता है। हमारी सरकारों के निकम्मेपन के कारण आज तक सरकारी नौकरियों में अंग्रेजी अनिवार्य है। अंग्रेजी माध्यम से पढ़े हुए बच्चे बड़े होकर या तो सरकारी नौकरियां हथियाने या फिर अमेरिका और कनाडा भागने के लिए आतुर रहते हैं। गैर–सरकारी स्कूलों, कालेजों और विश्वविद्यालयों की फीस 50–50 हजार रु. महिना तक है। आजकल अस्पताल और ये शिक्षा–संस्थाएं देश में ठगी के सबसे क्रूर ठिकाने बन गए हैं। देश के गरीब, ग्रामीण, पिछड़े और आदिवासी लोग समुचित शिक्षा और चिकित्सा के बिना ही अपना जीवन गुजारते रहते हैं। सरकारी स्कूल और अस्पताल भी उनकी सेवा सरल भाव से नहीं करते। देश के 90 प्रतिशत स्कूल फीस–वसूली के दम पर जिन्दा रहते हैं। देश में 29600 स्कूल ऐसे हैं, जिन्हें मान्यता प्राप्त नहीं है। 4 हजार से ज्यादा मदरसे भी इसी श्रेणी में आते हैं। इन स्कूलों से निकलनेवाले छात्र क्या नए भारत के निर्माण में कोई उल्लेखनीय योगदान कर सकते हैं? यदि हम शिक्षा के मामले में भारत की तुलना दक्षेस के हमारे पड़ौसी सातों देशों से करें तो उक्त पैमाने पर वह अफगानिस्तान के सबसे करीब है लेकिन वह श्रीलंका, भूटान और पाकिस्तान से भी बहुत पिछड़ा हुआ है। दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा राष्ट्र भारत है। प्राचीन भारत की शिक्षा–व्यवस्था जगत्प्रसिद्ध रही है। चीन, जापान और यूनान से सदियों पहले लोग भारत इसीलिए आया करते थे कि यहां की शिक्षा–प्रणाली उन्हें सर्वश्रेष्ठ लगा करती थी। आज अमेरिका दुनिया की सर्वोच्च महाशक्ति अपनी शिक्षा के दम पर बना है लेकिन भारत मैकाले की गुलामी में ही गुलछर्रे उड़ा रहा है। पता नहीं, आजादी के सौ साल तक भी इस सड़ी हुई शिक्षा–व्यवस्था को बदलनेवाला कोई नेतृत्व भारत में पैदा होगा या नहीं?

# गुजरात के मोरबी का श्मशान

**असल में क्या टिकट कलेक्टर या टिकट बेचने वाले जिम्मेदार हैं ? इसमें राजनीति स्तर पर आ गई है कि रिश्वत खाने वाले, राजनैतिक दबाव डालने वाले राजनेता और पंत प्रधान सहित सभी राजनैतिक दलों के अध्यक्ष मात्र घडियाली आंसू बहाते हैं और फिर अगले हफ्ते तक का इंतजार करना होगा । दैनिक अजय भारत घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता है और मृतकों के परिवारों को सांत्वना देता है ...**

अजय दीक्षित

रविवार 30 अक्टूबर 2022 को शाम साढ़े छः बजे मोरबी में एक 130 साल पुराना ब्रिटिश काल के संस्पेंशन ब्रिज टूट गया और लगभग 400–500 लोग गहरे पानी में डूब गये । सरकारी ऑकड़ों के अनुसार लगभग 134 लोग मारे गये हैं । बड़ी संख्या में लोग घायल होकर अस्पताल में भर्ती हैं । घटना के कई दिन बीतने के बाद भी मृतकों की तलाश जारी है क्योंकि आशंका है कि अभी भी लोग गहरे पानी में डूबे मरे पड़े होंगे । कहते हैं कि 150 लोग ब्रिज पर मौजूद थे । लगभग सातध्आठ महीने से ब्रिज बन्द था, मरम्मत के लिए । गुजरात में दिवाली के बाद नया विक्रम वर्ष शुरू होता है । अतरू घटना के तीनध्चार दिन पहले ही ब्रिज खोला गया था । घटना के तुरंत बाद तो विभिन्न राजनैतिक दलों ने कहा था कि इस हादसे का राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए, पर अब विपक्ष भाजपा पर प्रश्न चिन्ह लगा रहा है । कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का आरोप है कि जिस कम्पनी को मरम्मत का ठेका दिया गया था, उसने बड़ी मात्रा में भाजपा को चंदा दिया है । वह कम्पनी घड़ी बनाती है । उसे ब्रिज मरम्मत का कोई अनुभव नहीं है । कई करोड़ खर्च करके पुल की मरम्मत कराई गई थी जो तीन दिन में टूट गया और सैकड़ों लोग मारे गये । असल में वे दिन बीत गए जब एक रेल दुर्घटना में



तत्कालीन केंद्रीय रेल मंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने त्यागपत्र दे दिया था गुजरात के गृहमंत्री कहते हैं कि उन्होंने घटना वाली रात वहां ही बिताई, प्रधानमंत्री तक गुजरात में ही थे । उन्होंने तत्काल मुख्यमंत्री से बात की और जैसा औपचारिकता में होना चाहिए उन्होंने तुरन्त राहत देने की बात कही । अपनी ओर से मृतकों को दो ?2००० और घायलों को ?5०० देना तय किया । राज्य सरकार ने मृतकों को चार लाख और घायलों को पचास हजार रुपये मुआवजा देने की घोषणा की । जब प्रधानमंत्री दो दिन बाद पहली नवम्बर को घटना स्थल का दौरा किया तो वहां अस्पताल में साफ–सफाई, पेंट किया गया और मरीजों को समझाया गया कि प्रधानमंत्री से क्या कहना चाहिए । एस.डी. आर.एफ और एन.डी.आर.एफ बचाव कार्य में जुड़े हैं । एक अनुमान है कि लगभग 400 500 लोग नदी में गिरे हैं परन्तु घायल और मृतकों की संख्या अभी लगभग 200 तक की ही है तो अभी भी 200 से ज्यादा लोग पानी में समाये होंगे । आर्किटेक्चर के प्रोफेसर का कहना है कि शायद ज्यादा लोगों के कारण पुल भार नहीं सह पाया और हिलने के कारण टूट गया । अंग्रेजों ने भारत पर बहुत जुल्म ढाये । परन्तु वे भारतीय रीति–रिवाजों से खिलवाड़ नहीं करते थे । अंग्रेज कलेक्टर भी मय्यत में या किसी जनाजे के निकलने पर अपनी मोटर कार से उतर जाता था और अपना टोप उतार देता था । आजकल टी. वी. में सीरियलों में यद्यपि ऐसे अवसरों पर लोग स्त्री और पुरुष सफेद कपड़ों में दिखलाई देते हैं परन्तु आज स्त्री और पुरुष फैशन में भी दिखलाई पड़ते हैं । मोरबी हादसे के बाद राजनेता गुजरात में जैसे भाषण देते रहे, 31 अक्टूबर को जयंती मनाई जाती रही । पंतप्रधान टॉप लगाई दिखलाई दिये, कई राजनेता अलग–अलग कार्यक्रमों में अलग–अलग वस्त्र बदलते दिखलाई दिये, उसे लगता है कि मोरबी हादसा उनके लिए चिंता का विषय नहीं है । विपक्ष के लिए राजनैतिक हथियार है और सत्तापक्ष को किसी की चिंता नहीं है । वे अपनी जीत के लिए आश्वस्त हैं । टी.वी. पर बहस चल रही है कि यहां ठग सुशेश ने आम आदमी पार्टी के जेल में बंद सत्येंद्र जैन को दस करोड़ रुपया दिया है । क्या मजाक है ? सुशेश के पास जेल में रहते 10 करोड़ कहां से गया और जेल में बंद सत्येन्द्र जैन क्या फायदा पहुंचा सकता है । परन्तु भाजपा के प्रवक्ता छाती ठोक कर सत्येंद्र जैन को दोषी मानते हैं । असल में तो यदि बात सच्ची है तो पूरे जेल प्रशासन पर कार्रवाई होना चाहिए । असल में न तो मुख्यमंत्री, न गुजरात के गृहमंत्री, न वहां के शहरी विकास मंत्री, न ही सड़क मार्ग के मंत्री, न ही कम्पनी पर कोई केस किया गया है । कहते हैं नौ लोगों को पकड़ा गया है । उनमें दो टिकट बेचने वाले, तीन गार्ड जो टिकट चौक करते थे दो ब्रिज रिपेयर करने वाले मिस्त्री, और दो कम्पनी के मैनेजर पकड़े गये हैं । असल में क्या टिकट कलेक्टर या टिकट बेचने वाले जिम्मेदार हैं ? इसमें राजनीति स्तर पर आ गई है कि रिश्वत खाने वाले, राजनैतिक दबाव डालने वाले राजनेता और पंत प्रधान सहित सभी राजनैतिक दलों के अध्यक्ष मात्र घडियाली आंसू बहाते हैं और फिर अगले हफ्ते तक का इंतजार करना होगा । दैनिक अजय भारत घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता है और मृतकों के परिवारों को सांत्वना देता है ।

# उपचुनाव के तीन संदेश और एक सबक!

**इन उपचुनावों का एक सबक विपक्षी पार्टियों के लिए है कि उन्हें हर हाल में एकजुट होना होगा। जिस तरह से किसी जमाने में गैर कांग्रेसवाद के विचार के साथ कांग्रेस विरोधी सभी पार्टियां एकजुट होती थीं। उसी तरह से अगर विपक्ष चाहता है कि भाजपा को चुनौती दे तो उसे एकजुट होना होगा। उनके बिखरे होने या सबके अलग अलग चुनाव लडने का फायदा भाजपा को होता है यह इस उपचुनाव में दिखा...**

अजीत द्विवेदी

छह राज्यों की सात विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनावों के नतीजे का क्या संदेश और सबक है? मोटे तौर पर एक संदेश यह है कि भाजपा अपने दम पर अखिल भारतीय पार्टी बन रही है। दूसरा संदेश यह है कि कांग्रेस कई नए राज्यों में समाप्त होने की कगार पर पहुंच गई है। और तीसरा संदेश यह है कि प्रादेशिक क्षत्रपों से मुकाबला भाजपा के लिए अब भी मुश्किल है। इन तीन संदेशों के अलावा एक सबक है कि अगर विपक्षी पार्टियां एकजुट नहीं होती हैं और वोटकटवा पार्टियों का इस्तेमाल भाजपा अपने हिसाब से करती रहती है तो आगे का हर चुनाव विपक्ष के लिए ज्यादा मुश्किल होता जाएगा। ओडिशा और बिहार में अगर विपक्ष एकजुट रहता तो नतीजे अलग हो सकते थे। तेलंगाना में भी कांग्रेस और टीआरएस साथ लड़े होते तो टीआरएस उम्मीदवार की जीत का अंतर बहुत बड़ा होता।

उपचुनावों के नतीजों के संदेश पर बात करें तो यह तय हो गया है कि भाजपा अब अपने दम पर अखिल भारतीय पार्टी बनने की ओर से बढ़ रही है। उसने अपना एक ऐसा मजबूत सामाजिक आधार तैयार कर लिया है कि वह किसी भी मजबूत प्रतिद्वंद्वी को चुनौती दे सकती है। बिहार की दो विधानसभा सीटों और ओडिशा व तेलंगाना की एक एक सीट के नतीजे से इसका संकेत मिलता है। बिहार की दो में से एक सीट राजद और एक भाजपा ने जीती। गोपालगंज सीट उसके विधायक के निधन से खाली हुई थी और उसने दिवंगत विधायक की पत्नी को उम्मीदवार बनाया था। वे करीब 18 सौ वोट से जीतीं, जबकि पिछले चुनाव में उनके पति 35 हजार से ज्यादा वोट से जीते थे। हालांकि तब भाजपा और जदयू का गठबंधन था और दोनों का एक मजबूत सामाजिक आधार था।

जदयू के अलग होने और राजद के साथ मिल जाने के बाद भी राजद उम्मीदवार के खिलाफ भाजपा की उम्मीदवार का 41 फीसदी वोट हासिल करना बहुत बड़ी बात है। जीत का अंतर भले कम रहा लेकिन जाति में बंटे बिहार में यह नतीजा एक बड़ा संदेश देने वाला है। यह भी हकीकत है कि बसपा और एमआईएम के करीब साढ़े 12 फीसदी वोट की वजह से राजद की हार हुई लेकिन उनका लडना भी अनायास नहीं था। भाजपा के लिए ये दोनों पार्टियां कई जगह मुफीद साबित हुई हैं और आगे भी इनके इस तरह से भाजपा की मदद करने से इनकार नहीं किया जा सकता है। सो, विपक्ष को उस हिसाब से अपनी तैयारी करनी होगी। बिहार की दूसरी सीट मोकामा में पिछली बार अनंत सिंह 35 हजार वोट से जीते थे, जब राजद अकेले लड़ी थी। इस बार जब राजद और जदयू मिल कर लड़े हैं तो उनकी पत्नी करीब 16 हजार वोट से जीती हैं। वहां भी भाजपा उम्मीदवार का अपने दम पर 42 फीसदी से ज्यादा वोट हासिल करना मामूली नहीं है। इन दोनों चुनावों को इस रोशनी में देखने की जरूरत है कि आज बिहार की सभी पार्टियां– राजद, जदयू, कांग्रेस, सीपीआई, सीपीएम, सीपीआईएमएल, हम, वीआईपी आदि एक साथ हैं और दूसरी ओर अकेले भाजपा है, जिसे बंटी हुई लोजपा का समर्थन है। इसके बावजूद अगर विधानसभा के चुनाव में भाजपा अपने दम पर 40 फीसदी से ऊपर वोट हासिल कर रही है तो यह बिहार की राजनीति में उसके मजबूत होते सामाजिक व राजनीतिक आधार का संकेत है।

बिहार के बाहर भाजपा ने सबसे कमाल का प्रदर्शन तेलंगाना में किया, जहां उसके उम्मीदवार को 38 फीसदी से कुछ ज्यादा वोट मिले। भाजपा का उम्मीदवार करीब 10 हजार वोट से हार गया, लेकिन तेलंगाना राष्ट्र समिति, कांग्रेस और एमआईएम के गढ़ में भाजपा का मुख्य मुकाबले में होना और 87 हजार के करीब वोट हासिल करना इस बात का संकेत है कि कर्नाटक के बाद तेलंगाना दूसरा राज्य बन रहा है, जहां भाजपा बड़ी पार्टी के रूप में उभर सकती है। ध्यान रहे पिछले साल नवंबर में हुए हुजूराबाद सीट पर भाजपा ने टीआरएस को हरा कर जीत दर्ज की थी। तभी इस बार टीआरएस ने पूरी ताकत लगाई थी। ऐसे ही ओडिशा की धामनगर सीट भाजपा ने बचा ली। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के करिश्मे और बीजू जनता दल की तमाम मेहनत के बावजूद भाजपा के सूर्यबंशी सूरज का जीतना मामूली बात नहीं है। पहले उनके पिता इस सीट से जीते थे। भाजपा ने अपने गढ़ उत्तर प्रदेश के गोला गोकर्णनाथ सीट पर उपचुनाव में जीत का अंतर पिछले चुनाव से बढ़ा लिया। सो, बिहार, तेलंगाना, ओडिशा और उत्तर प्रदेश में भाजपा का प्रदर्शन यह दिखाता है कि प्रचार और संसाधनों के इस्तेमाल के साथ साथ पार्टी एक मजबूत सामाजिक व राजनीतिक आधार बनाने में कामयाब हुई है।

इन उपचुनावों का दूसरा संदेश यह है कि कई राज्यों में कांग्रेस पार्टी लगभग समाप्त हो गई है। कांग्रेस ने बिहार, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की चार सीटों पर चुनाव नहीं लड़ा था। उसने सिर्फ तीन सीटों पर चुनाव लड़ा और तीनों पर उसका उम्मीदवार हार गया। हरियाणा की आदमपुर सीट पर कांग्रेस मुकाबले में दिख रही थी फिर भी उसका उम्मीदवार 16 हजार के करीब वोट से हारा। तेलंगाना में कांग्रेस की उम्मीदवार तीसरे स्थान पर रही और ओडिशा में महज दो फीसदी वोट हासिल कर कांग्रेस उम्मीदवार चौथे स्थान पर रहा। पिछले चुनाव में कांग्रेस तेलंगाना में मुख्य विपक्षी पार्टी थी। ओडिशा में पार्टी पिछले चुनाव से पहले तक मुख्य विपक्षी पार्टी होती थी और हरियाणा में मुख्य विपक्षी पार्टी है। इन तीनों राज्यों में कांग्रेस कोई कमाल नहीं कर पाई। तेलंगाना में तो जिस समय मतदान हुआ उस समय राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा भी चल रही थी। इसके बावजूद कांग्रेस तीसरे स्थान पर रही। इससे साफ है कि कांग्रेस का वोट आधार घट रहा है, संगठन कमजोर हो रहा है और नेता नदारद हो रहे हैं। कांग्रेस को इस पर ध्यान देना होगा। अगर वह चाहती है कि भारत जोड़ो यात्रा राजनीतिक रूप से फायदेमंद हो तो संगठन और नेतृत्व पर ध्यान देना होगा।

इस उपचुनाव का तीसरा संदेश यह है कि प्रादेशिक क्षत्रपों से मुकाबला करना भाजपा के लिए अब भी मुश्किल है। भाजपा जितनी आसानी से कांग्रेस को हरा लेती है उस आसानी से वह प्रादेशिक पार्टियों को नहीं हरा पाती है। उत्तर प्रदेश का मामला अलग है, जहां सांप्रदायिक ध्रुवीकरण 80 और 20 के अनुपात में हो रहा है। लेकिन उसके अलावा बाकी राज्यों में उपचुनाव में भाजपा के लिए मुकाबला आसान नहीं रहा। बिहार में वह बसपा और एमआईएम की मदद के बावजूद दो हजार से कम वोट से जीती और एक सीट हार गई। दोनों सीटों पर राष्ट्रीय जनता दल का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा। तेलंगाना में करीब 10 हजार वोट से टीआरएस ने भाजपा को हराया। महाराष्ट्र में हार की आशंका में भाजपा ने पहले ही चुनाव मैदान छोड़ दिया था और नोटा की मदद की थी। ओडिशा में बीजू जनता दल के साथ करीबी मुकाबले में भाजपा अपनी जीती हुई सीट बचाने में कामयाब रही। बिहार की गोपालगंज और ओडिशा की धामनगर सीट पर सहानुभूति फैक्टर से भी भाजपा को लाभ मिला।



# निर्वाचक नामावलियो के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

## विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के लिए विशेष अभियान 12, 20, 26 नवम्बर व 04 दिसम्बर को–अपर जिलाधिकारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी सहदेव कुमार मिश्र ने आज विन्ध्य कन्या पी0जी0 कालेज, राबर्ट्सगंज में आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01.01.2023 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन व व माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया, इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि अर्हता तिथि 01.01.2023 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिपत पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 04 दिवस को विशेष अभियान चलाया जायेगा, विशेष अभियान के लिए दिनांक 12, 20, 26 नवम्बर व 04 दिसम्बर, 2022 को विशेष तिथि निर्धारित की गयी है, इन विशेष तिथियों पर बूथों पर जाकर कोई भी व्यक्ति जिसका नाम मतदाता सूची में अब तक दर्ज नहीं है, दर्ज करा सकता है और नाम आदि में किसी प्रकार की कोई त्रुटि हो, तो उसमे संशोधन पत्र भी जमा करा सकता है, उन्होंने कहा कि निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण के इस अवधि में 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल किये जाये, जिससे उन्हें वोटर बनने का मौका मिल सके, जो छात्र–छात्राएं अर्हता तिथि 01.01.2023 को अपनी 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं अथवा पूर्ण कर चुके हों और उनका नाम मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं है, उनका नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने हेतु उन्हें जागरूक किया जाये, उन्होंने कहा कि इसके लिए कालेज के एक कक्ष में वोटर रजिस्ट्रेशन कक्ष स्थापित किया जाये, जिसमें कालेज में उपलब्ध संसाधनों (कम्प्यूटर, यूपीएस एवं इण्टरनेट कनेक्टिविटी इत्यादि) का उपयोग करके अर्ह मतदाताओं का ऑन लाइन पंजीकरण कराया जाये, कालेज के सभी छात्रध्छात्राओं से यह प्रमाण–पत्र प्राप्त कर लें कि मेरे परिवार में 18 वर्ष की उम्र वाले सभी सदस्यों का मतदाता फोटो पहचान पत्र बन गया है तथा 01.01.2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे सदस्यों द्वारा निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित कराने के लिए फार्म भरवॉ लिया गया है। इस दौरान विद्यालय के छात्राओं द्वारा नाटक प्रस्तुत कर लोगों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए जागरूक भी किया गया, जिसकी वहां पर उपस्थित लोगों ने काफी सराहना भी की। आयोजित कार्यक्रम के मौके पर महाविद्यालय के छात्राओं ने मतदाता सूची में अपना नाम सम्मिलित करने के लिए प्रारूप–6 फार्म जमा किया गया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी द्वारा विन्ध्य कन्या महाविद्यालय में स्थापित किये गये मतदाता पंजीकरण हेतु हेल्प डेस्क का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर रमेश कुमार, सहायक निर्वाचन अधिकारी जगरूप सिंह पटेल, विन्ध्य कन्या महाविद्यालय के प्रबन्धक डॉ0 बी0 सिंह, निर्वाचन कार्यालय के सुनील कुमार श्रीवास्तव, राजकुमार, राबर्ट्सगंज क्षेत्र के बी0एल0ओ0 व महाविद्यालय के छात्राओं सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।



# दो दिवसीय कौमुदी महोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

घोरावल/सोनभद्र। परिक्षेत्र में द्विदिवसीय कौमुदी महोत्सव अतीव अद्वितीय व अनूठा रहा। दूसरे दिन सोनभद्र का घोरावल नगर गुलजार हो उठा प्रकीर्णित ज्योत्सना से। देवदीपावली कार्तिक पूर्णिमा पर बीते दस वर्षों से चली आ रही कौमुदी महोत्सव की ज्योति इस बार प्रखरता पर पहुंची। घोरावल के दशमी तालाब के पूरे परकोटे जाज्वल्यमान हो उठे 5151 दीपों के जलाए जाने से। मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी श्याम प्रताप सिंह का मंच से सम्मान समारोह आयोजित हुआ माल्यार्पण के साथ स्मृतिचिन्ह, अंगवस्त्र उत्तरीय अर्पित किया डॉ० परमेश्वर दयाल पुष्कर ने व ताजपोशी श्रृंखला के तहतसर पर टोपीमुकुट से सम्मानित किया गया। देव अवतरण की कथा बताते हुए यह भी कहा कि गुरु ज्ञान सर्वोपरि है तो दैवीय शक्ति समष्टि हित कामना को पराकाष्ठा पर प्रतिष्ठित करती है। आगे कहा कि धवल चाँदनी चंद्रिका का आलोड़न विलोड़न सृष्टि सृजन को सतत निखारता है। इन्हीं संदर्भों में भगवान शंकर त्रिपुरारी भी कहे गए। द्वितीय दिवस महोत्सव का आगाज दशमी सरोवर ताल पर शिवमंदिर में पूजन से हुआ जहां पाँच वेदपाठी विप्रों ने सविधि मंत्रोच्चार करते पूजन पर बैठे डॉ० परमेश्वर दयाल पुष्कर व राजीव कुमार से पूजा अर्चना कराई। इसी श्रृंखला में दीपोत्सव प्रक्रिया का शुभारंभ भी हुआ। अगला चरण रहा सरोवर में तैरते स्थापित आकर्षक शिवलिंग के पीछे घाट पर चार चौकी मंच से विप्रवर द्वारा उद्‌घोषित वैदिक मंत्रों व आरती का सस्वर करने का जो देर तक अभिगुंजित रहा वायुमंडल में। वृहद आस्थावान भीड़ जनसमुदाय मौजूद रहे आरती वेला में और सहभागी रहे पूरी पूजन प्रक्रिया में जिसकी परिणति रही समूचे नगर सरोवर तक गुंजायमान होने की। मंच से सात विप्रवर अंगवस्त्र व अन्यान्य सामग्रियों को भेंट करते सम्मानित किये गए जिसमें पंडित प्रभाशंकर पाठक, गणेश देव पाण्डे, उमेश शुक्ल, विनय कुमार शुक्ल आदि रहे। आयोजन में प्रमुख सहभाग करने वाले कार्यक्रम प्रवन्धक राजीव कुमार राजू, अध्यक्ष डॉ० परमेश्वर दयाल पुष्कर, संयोजक शिप्पू अग्रहरि, उपाध्यक्ष उदितलाल अग्रहरि, शालिक राम साहू, लवकुश कुमार उमर, महामंत्री, परमेश्वर अग्रहरि रिंकू, बाबूलाल शर्मा के साथ सर्वेश शुक्ल, शिवेन्द्र त्रिपाठी, जयप्रकाश सेठ, रवि मोदनवाल, अनुराग अग्रहरि, वेदांश, मनोज मौर्य, शुभम भोजवाल, गोविंद मोदनवाल, अमरेश सिंह, दिव्यांश, श्लोक, अंकित सोनी, प्रदीप चौरसिया, सूरज सोनी, प्रदीप, रवि, आशीष उमर नसमेत अन्य वरिष्ठ व प्रमुख लोगों की सक्रिय सहभागिता रही दोनों दिन कौमुदी महोत्सव के आयोजन में। सफल संचालन रहा प्रधानाचार्य गणेशदेव पाण्डे का जबकि अध्यक्षीय उद्‌बोधन में मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी श्याम प्रताप सिंह व उपस्थित जनसमूह तथा नगर क्षेत्रवासियों के आभार ज्ञापित किया डॉ० परमेश्वर दयाल पुष्कर ने।




# 02 ट्रक लूटेरों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से लूट के मोबाइल, बैट्री व रुपये बरामद

दैनिक बुद्ध का संदेश

जैदपुर/बाराबंकी। कौशलेन्द्र कुमार पुत्र राम भरोसे सिंह निवासी ग्राम नगला केवल थाना एका जनपद फिरोजाबाद द्वारा थाना जैदपुर पर सूचना दी गई कि दिनांक–05.11.2022 को ट्रक संख्या न्च् 16 भ्ज् 6483 में गत्ता लोडकर पुरनिया बिहार से कानपुर जा रहा था। रात्रि करीब 10 बजे अहमदपुर टोल प्लाजा के पास गाड़ी का शीशा साफ करते समय 03 अज्ञात व्यक्ति आये और तमंचे के बट से मारकर मोबाइल व नकद रूपये छीन लिए तथा ट्रक से धक्का देकर उतार दिया और ट्रक लेकर चले गये। खोज बीन के बाद गाड़ी पुरानी बाईपास मंजीठा के पास खड़ी मिली। इस सूचना पर थाना जैदपुर पर मु0अ0सं0–509ध2022 धारा 394 भादवि पंजीकृत किया गया। घटना से सम्बन्धित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु स्वाटध सर्विलांस टीम व थाना जैदपुर पुलिस टीमों को लगाया गया। स्वाटध्सर्विलांस व थाना जैदपुर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेंस व डिजिटल डेटा के आधार पर आज दिनांक 09.11.2022 को अभियुक्तगण 1. विक्रम रावत पुत्र लक्ष्मण रावत निवासी ढिलवासी थाना इंटौजा जनपद लखनऊ हाल पता छत्रपाल मजरे दुल्हीपुर थाना सतरिख जनपद बाराबंकी, 2. सुभाष कनौजिया पुत्र रामसहारे निवासी छत्रपाल मजरे दुल्हीपुर थाना सतरिख जनपद बाराबंकी को भनौली नहर चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से लूटा हुआ मोबाइल, दो अदद बैट्री व 1000ध–रुपये नकद बरामद किये गये। गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा पूछताछ में बताया गया कि वह अपने अन्य सहयोगी जशवन्त सिंह उर्फ बावी व विशाल के साथ आर्थिकतंगी को दूर करने हेतु योजनाबद्ध तरीके से दिनांक 05.11.2022 की रात्रि इण्डियन आयल पेट्रोल पम्प निकट सिंह ढ़ाबा लक्षबर बजहा, सफदरगंज से ट्रक ड्राइवर को बन्धक बनाकर ट्रक, रुपये, मोबाइल, जग, पाना व दो अदद बैट्री लूट कर ट्रक ड्राइवर को रास्ते में ही उतार दिया व पकड़े जाने के डर से ट्रक को सतरिख नाका बाईपास के पास छोड़कर भाग गये थे। गिरफ्तार अभियुक्त 1. विक्रम रावत पुत्र लक्ष्मण रावत निवासी ढिलवासी (अमानीगंज) थाना इंटौजा जनपद लखनऊ हाल पता छत्रपाल मजरे दुल्हीपुर थाना सतरिख जनपद बाराबंकी 2. सुभाष कनौजिया पुत्र रामसहारे निवासी छत्रपाल मजरे दुल्हीपुर थाना सतरिख जनपद बाराबंकी।



## दो जालसाजों को कैंट पुलिस ने किया गिरफ्तार

गोरखपुर।कैंट थाना अंतर्गत 2014 में फर्जी बैंक खोल कर पैसा जमा कराने वाले फरार चल रहे दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया मु0अ0सं0 952ध2014 धारा 419ध420ध 467ध468ध471ध406ध120ठ भादवि थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण आलोक रंजन पाण्डेय पुत्र लाल साहब निवासी ग्राम लहसड़ी थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर सदानन्द पाण्डेय पुत्र स्व0 शिवपूजन पाण्डेय निवासी ग्राम कोनी थाना खोराबार जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया कैंट थाना प्रभारी शशी भूषण राय ने बताया कि सन् 2014 में थाना क्षेत्र कैण्ट में वर्धमान संमर्ग बैंक नाम से फर्जी कम्पनी खोलकर लोगो को प्रलोभन देकर पैसा जमा कराया गया था जो कम्पनी बन्द कर फरार हो गये ।इसी कारण उपभोक्ताओ द्वारा मुकदमा पंजीकृत कराया गया था जिसमें पूर्व में कुल 08 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुका है तथा दो अभियुक्त फरार थे जिनकी तलाश की जा रही थी ।थाना कैण्ट टीम द्वारा वांछित अभियुक्तगण आलोक रंजन पाण्डेय पुत्र लाल साहब निवासी ग्राम लहसड़ी थाना रामगढ़ताल जनपद गोरखपुर व सदानन्द पाण्डेय पुत्र स्व0 शिवपूजन पाण्डेय निवासी ग्राम कोनी थाना खोराबार जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया ।

## मनमाने दामों में बेची जा रही डीएपी, किसान परेसान

### सरकारी रेट 1470 होने के बावजूद भी किसानों को लेनी पड़ रही 1500 की खाद



दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। सरकारी अफसरों के बड़े बोल सरकारी खाद्य को प्राइवेट में बनाकर बेच रहे सरकारी अफसर मनमाना तरीका और अंधी कमाई सरकारी गोदाम में खाद ना रखकर प्राइवेट दुकानों के अन्य गांव में बढ़ा चढ़ाकर बेची और किसानों से दोगुनी रकम वसूली जा रही। जनपद बाराबंकी के सतरिख थाना क्षेत्र शरीफाबाद गांव के सोसाइटी पर खाद की किल्लत से झेल रहे किसान मनमानी तरीके से दामों में बेची जा रही खाद जहां पर शरीफाबाद के सोसायटी पर खाद होनी चाहिए तो वही शरीफाबाद के दूसरे गांव अख्तियारपुर मैं प्राइवेट गोदाम बना कर बेच रहे हैं मनमानी तरीके से खाद।

## घटना में घायल व्यक्ति की मौत,नामजद 04 अभियुक्त गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। कर्मा थानांतर्गत दिनांक 23.10.2022 को वादिनी



फुलवंती पत्नी रामसागर निवासिनी ग्राम पाण्डेय पोखर थाना करमा सोनभद्र के लिखित तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 148ध2022 धारा 323, 504, 506 भादवी बनाम राम आसरे पुत्र किशन, मनोज पुत्र राम आसरे, छोटेलाल पुत्र किशन निवासीगण राजापुर थाना मड़िहान जनपद मिर्जापुर, संजय पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम मटिहानी थाना मड़िहान जनपद मिर्जापुर के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। घटना में घायल रामसागर पुत्र पुनवासी निवासी पाण्डेय पोखर थाना करमा सोनभद्र की दिनांक 8.11.2022 को इलाज के दौरान मृत्यु हो जाने के कारण मुकदमा उपरोक्त में धारा 34, 304 भादवी की बढ़ोतरी करते हुए अभियोग में नामजद अभियुक्त गणों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु रवाना किया गया। बरामदगी आला कत्ल एक लाठी भी बरामद की गई है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक बृजेश कुमार दुबे, हेड कांस्टेबल बृजेश कुमार यादव, कांस्टेबल मुकेश कुमार यादव, कांस्टेबल विकास गौतम शामिल रहे।

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक
श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:- 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:- 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:- 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:- 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:- 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:- 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:- 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:- 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:- 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:- 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:- 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:- 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:- 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:- 9454404244 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

| | |
|---|---|
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:- 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:- 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:- 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:- 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:- 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:- 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:- 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:- 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:- 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:- 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:- 9454404891 |

## लोटन पुलिस द्वारा 05 नफर अभियुक्त को भेजा गया न्यायालय

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। अमित कुमार आनन्द पुलिस अधीक्षक



सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व अखिलेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली लोटन देवनन्दन उपाध्याय के नेतृत्व में दिनांक 08.11.2022 को मु0अ0सं0 129ध22 धारा 147ध148ध452ध323ध504 ध506ध308 आईपीसी से सम्बन्धित वान्छित अभियुक्तगण को समय करीब 21.55 बजे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय सिद्धार्थनगर भेजा गया।

# पीड़िता के तहरीर पर 5 माह बाद दर्ज हुआ मुकदमा

- न्याय की उम्मीद बने शोहरतगढ़ इंसपेक्टर पंकज कुमार पाण्डेय
- पीड़िता के तहरीर पर अभियुक्त के विरुद्ध 354, 504, 506 के तहत दर्ज किया मुकदमा

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। आखिरकार 5 महीने बाद पीड़िता को न्याय मिल ही गया। पीड़िता के तहरीर पर अभियुक्त के विरुद्ध 354, 504, 506 के तहत कार्यवाही की जा रही है। घटना को लेकर प्रभारी निरीक्षक पंकज पाण्डेय ने बताया कि पीड़ित महिला की शिकायत शासन स्तर के अधिकारी से आया था जो तीन माह पहले भेजा हुआ था, उस समय मेरा पोस्टिंग शोहरतगढ मे नहीं थी, वर्तमान में हमे शिकायत पत्र मिलते ही महिला के शिकायत के आधार पर मुकदमा लिख दिया गया हैं 164 का आदि प्रकिया पूरी की जा रही हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस एक जनसेवक हैं। हम जनता को बेहतर सुरक्षा सेवा दे सके यह मेरा दायित्व हैं। शोहरतगढ पुलिस 24 घण्टे अपने क्षेत्रवासियो के सेवा के तत्पर हैं। बताते चलें कि करीब 5 माह पूर्व निवर्तमान थानाध्यक्ष के कार्यकाल से न्याय के लिए दौड़ रही पीड़ित महिला को नए इंस्पेक्टर से न्याय की उम्मीद थी और वह उम्मीद उसे न्याय दिलाने में मददगार साबित होगी।

# सुबह–सुबह घास पर नंगे पैर चलने से स्वास्थ्य को मिलते हैं ये 5 फायदे



रोजाना सुबह–सुबह 20 से 30 मिनट घास पर नंगे पैर चलने से हमारी सेहत को बहुत फायदे मिलते हैं। नंगे पैर चलने से हम सीधे जमीन से जुड़ते हैं, इसलिए इसे अर्थिंग या ग्राउंडिंग भी कहते हैं। इससे हमारे अंदर ऊर्जा का स्तर बढ़ता है और स्वास्थ्य पर अच्छा प्रभाव पड़ता है।। आइए आज आपको घास पर नंगे पैर चलने से होने वाले पांच फायदों के बारे में बताते हैं।

आंखों की रोशनी में होता है सुधारः हमारे पैरों में बहुत सारे रिफ्लेक्सोलॉजी प्वाइंट्स होते हैं जो आंखों सहित शरीर के कई अंगों से जुड़े होते हैं। घास पर नंगे पैर चलने से पैर की पहली, दूसरी और तीसरी उंगलियों पर दबाव पड़ता है जो आंखों की रोशनी के लिए मुख्य रिफ्लेक्सोलॉजी प्वाइंट्स हैं। इनके दबाव से आंखों की रोशनी में सुधार होता है। इसके अलावा घास के हरे रंग को देखकर आंखों को सुकून भी मिलता है।

तनाव और चिंता को करें दूरः हरी–भरी घास पर नंगे पैर चलने और उस पर सूरज की रोशनी पडने से दिमाग शांत रहता है। ऐसे वातावरण में अपने दिन की शुरुआत करने से आप दिनभर तरोताजा महसूस करेंगे और तनाव और चिंता से भी दूर रहेंगे। इसके अलावा आपके पैरों को ताजी हवा मिलेगी और आपकी सारी थकान और शरीर का दर्द दूर हो जाएगा। इससे आप पूरा दिन एक्टिव भी रहेंगे।

अच्छी नींद आने में मिलेगी मददः अगर आपको रात में सोने के लिए नींद की दवा खानी पड़ती है तो आपको रोजाना घास पर नंगे पैर जरूर टहलना चाहिए। यह 24 घंटे के चक्र का पालन करने वाले आपके शारीरिक, मानसिक और व्यवहारिक बदलावों में सुधार करता है। इससे आपको नींद और जागने के चक्र को स्वस्थ बनाए रखने में मदद मिलती है। इसके अलावा प्रकृति के साथ शारीरिक संबंध रहने से कोर्टिसोल नामक तनाव हॉर्मोन कम होता है, जिससे गहरी नींद को बढ़ावा मिलता है।

सूजन कम करने के लिए है बेहतरीनः सुबह–सुबह घास पर नंगे पैर चलने से पैरों की एक्सरसाइज होती है और जमीन से जुड़े रहने से पैरों के रिफ्लेक्सोलॉजी प्वाइंट्स पर भी असर पड़ता है। इससे शरीर में मौजूद एंटी–ऑक्सीडेंट सक्रिय होते हैं जो सूजन से लडने में मदद करते हैं। इसके अलावा ताजी हवा और ओस में भीगी घास पर चलने से पैरों को ऑक्सीजन मिलती है, जिससे ब्लड सर्कुलेशन सही रहता है।

मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी है सहायकः आप जितना प्राकृति से जुड़े रहेंगे, आपका दिल और दिमाग उतना ही शांत रहेगा। आप तनाव और डिप्रेशन से दूर रहेंगे। घास पर नंगे पैर चलने से आपका मानसिक स्वास्थ्य अच्छा और बेहतर होगा। इसके अलावा आपका स्वभाव भी नरम रहेगा। वहीं हरियाली के बीच बैठने और टहलने से आप अन्य बीमारियों से भी दूर रहेंगे। डॉक्टर अक्सर डायबिटीज जैसी बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को घास पर नंगे पैर चलने की सलाह देते हैं।

## जरीन खान जल्द ही नागभैरव में निभाती दिखेंगी दोहरी भूमिका

अभिनेत्री जरीन खान जल्द ही तमिल हॉरर–थ्रिलर नागभैरव में दमदार स्टंट के साथ दोहरी भूमिका निभाती नजर आएंगी। जरीन ने वीर से डेब्यू किया था इसके बाद उन्हें हाउसफुल 2 और हेट स्टोरी 3 जैसी फिल्मों में देखा गया, जिसके बाद उन्होंने जट्ट



जेम्स बॉन्ड के साथ पंजाबी फिल्मों और थ्रिलर चाणक्य के साथ तेलुगु फिल्मों में कदम रखा। वी.सी. वादिवुदियां और वी. पलानीवेल द्वारा निर्मित यह फिल्म हिंदी सहित कई भाषाओं में रिलीज होगी। और पहली बार वह दोहरी भूमिका निभाएंगी। इसको लेकर एक्ट्रेस ने कहा है, इस फिल्म की शूटिंग के दौरान, मुझे लगा कि आखिरकार मुझे वह सब कुछ करने का मौका मिल गया जो मैं हमेशा से करना चाहती थी! अभी तक, हमने चेन्नई, पांडिचेरी और कुंभकोणम में अपने हिस्से की शूटिंग कर ली है। हमारे पास अभी भी एक शेड्यूल बाकी है। शूट करने के लिए, जिसकी योजना ज्यादातर नवंबर के आसपास बनाई जाएगी ।नागभैरव को एक्शन से भरपूर एडवेंचर बताया जा रहा है ।ऐसे युग में जहां महिला अभिनेताओं को अंततरू उनकी कलात्मकता के लिए पहचाना और सराहा जा रहा है, मुझे खुशी है कि यह फिल्म मुझे सिर्फ एक सुंदर चेहरे के अलावा और भी बहुत कुछ करने का अवसर देती है!






## अरबाज खान ने बताया क्यों शुरू नहीं हो पा रहा फिल्म दबंग 4 पर काम




सलमान खान की हिट फ्रैंचाइजी दबंग की अगली फिल्म दबंग 4 का दर्शकों को लंबे समय से इंतजार है। इससे पहले सलमान खुद दबंग 4 बनाने की ओर इशारा कर चुके हैं। अब फिल्म अभिनेता–प्रोड्यूसर अरबाज खान ने फिल्म के निर्माण पर जानकारी साझा की है। अरबाज ने कहा है कि दबंग 4 एक ऐसी फिल्म है जिसे वे पूरे दिल से और मेहनत से बनाना चाहते हैं।

अरबाज ने कहा कि दबंग 4 पर काम होगा। फिलहाल वह और सलमान दोनों ही अपने पुराने कामों में व्यस्त हैं। बकौल अरबाज दबंग 3 और दबंग 4 के बीच उतना समय नहीं लगेगा, जितना दबंग 2 और दबंग 3 के बीच लगा था। इस फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार करने के लिए अरबाज और सलमान दोनों को साथ में समय निकालने की जरूरत है। ऐसे में दोनों अपने अन्य काम पूरे करके इसपर काम शुरू करेंगे।

अरबाज के अनुसार यह एक ऐसी फिल्म है जिसे वह रचनात्मक स्तर पर सलमान के पास ले गए थे। इसके बाद उन्होंने इसका निर्माण और निर्देशन किया। वहीं फिल्म में सलमान के किरदार चुलबुल पांडे को दर्शकों ने काफी प्यार दिया। इस किरदार ने सलमान को बॉलीवुड में नया नाम दिया। ऐसे में यह फिल्म दोनों के दिल के बेहद करीब है और कोई एक इसको लेकर फैसला नहीं ले सकता।

दबंग बॉलीवुड की सबसे चर्चित फिल्म फ्रैंचाइजी में से एक है। यह फिल्म 2010 में आई थी। फिल्म में सलमान एक दबंग पुलिसवाले चुलबुल पांडे के किरदार में हैं। वहीं फिल्म में सोनू सूद ने छेदी सिंह की भूमिका में सुर्खियां बटोरी थी। अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने दबंग से ही बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत की थी। फिल्म का सीक्वल 2012 में आया था और दबंग 3 2019 में रिलीज हुई थी।

जहां दबंग और दबंग 2 का निर्देशन खुद अरबाज ने किया था वहीं दबंग 3 में निर्देशन की कमान प्रभुदेवा ने संभाली थी। चर्चा है कि दबंग 4 का निर्देशन अरबाज तिग्मांशु धूलिया को देना चाहते हैं।

सलमान इन दिनों बिग बॉस 16 होस्ट कर रहे हैं। उनकी दो फिल्में किसी का भाई किसी की जान और टाइगर 3 चर्चा में है। किसी का भाई किसी की जान लंबे समय से चर्चा में है। इस फिल्म से शहनाज गिल बॉलीवुड डेब्यू करने जा रही हैं। यह फिल्म अगले साल ईद के मौके पर आएगी। टाइगर 3 में एक बार फिर सलमान और कैटरीना कैफ की जोड़ी देखने को मिलेगी। यह फिल्म अगले साल दिवाली पर आएगी।

## ऐश्वर्या की लाल सलाम में स्पेशल अपीयरेंस देंगे रजनीकांत

तमिल सुपरस्टार रजनीकांत अपनी बेटी ऐश्वर्या रजनीकांत की अपकमिंग फिल्म लाल सलाम में खास भूमिका निभाएंगे।



इसकी घोषणा निमार्ताओं ने की। फिल्म को प्रोड्यूस जाने–माने प्रोडक्शन हाउस लाइका प्रोडक्शंस द्वारा किया जा रहा है और इसमें एक्टर विष्णु विशाल और विक्रांत लीड रोल में होंगे। ट्विटर पर लाइका प्रोडक्शंस ने यह घोषणा करते हुए कहा, लाल सलाम सभी के लिए! हमें अपने अगले प्रोजेक्ट की घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही हैं, जिसमें सुपरस्टार रजनीकांत एक स्पेशल अपीयरेंस में हैं! ऐश्वर्या रजनीकांत द्वारा निर्देशित और विष्णु अभिनीत विशाल और विक्रांत मुख्य भूमिका में हैं। संगीत ए.आर. रहमान का है। रजनीकांत ने लाइका प्रोडक्शंस के साथ दो फिल्मों की डील की थी। लाल सलाम उन दो फिल्मों में से एक है जिसके लिए सुपरस्टार ने साइन किया है। प्रोडक्शन हाउस ने फिल्म का एक पोस्टर भी जारी किया, जिसमें दंगों से प्रभावित जगह की तरह दिखने वाले क्रिकेट हेलमेट को जलते हुए दिखाया गया है। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने के लिए चुने गए दोनों अभिनेताओं विक्रांत और विष्णु विशाल को अच्छे क्रिकेटरों के रूप में जाना जाता है, जिससे यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि क्या फिल्म की कहानी दंगों से प्रभावित क्रिकेटरों के इर्द–गिर्द घूमेगी।

# हर महिला के पास जरूर होनी चाहिए ये 5 ट्रेंडी ब्लेंड्स और फैब्रिक वाली साड़ियां



प्रत्येक भारतीय राज्य की अपनी पारंपरिक साड़ी होती है और प्रत्येक का अपना महत्व होता है। हालांकि, हाल के वर्षों में विभिन्न फैब्रिक्स से बनी साडियों ने लड़कियों को आकर्षित किया है और इन्हें पहनने में एलिगेंट लुक भी मिलता है। अगर आपको नहीं पता है कि किन फ्रैबिक्स के मिश्रण यानी ब्लेंड्स से बनी साडियों को अपने स्टाइल का हिस्सा बनाना चाहिए तो आइए आज हम आपको ट्रेंडी साड़ी ब्लेंड्स और फैब्रिक्स के बारे में बताते हैं।

साटन साड़ी

इन दिनों सबसे लोकप्रिय और ट्रेंडी साडियों में से एक साटन साड़ी को आपके एथनिक वियर कलेक्शन में शामिल किया जाना चाहिए। साटन सिल्क से बना होता है, जिसके रेशे रेशमकीट के कोकून से मिलते हैं। ये साडियां आरामदायक होती हैं और इनका वजन भी हल्का होता है। आप साटन की साड़ी को एंब्रॉयडरी वाले ब्लाउज के साथ पहन सकती हैं।

वेलवेट की साड़ी

वेलवेट की साडियों को बांधना आसान होता है और ये मुलायम होती हैं। इस साड़ी को पहनने से रॉयल लुक मिलता है। पुराने समय में लोग वेलवेट को एक शानदार फैब्रिक मानते थे और आमतौर पर शाही खानदान के लोग इससे बने कपड़े पहनते थे। खैर, आप वेलवेट की साडियों को त्योहारों और कई शुभ अवसरों पर पहन सकती हैं। वेलवेट की साडियां आमतौर पर रेयान और सिल्क के मिश्रण से बनाई जाती हैं।

सेक्विन साड़ी

अगर आप ग्लैमरस लुक फ्लॉन्ट करना चाहती हैं तो इसके लिए सेक्विन साड़ी परफेक्ट है। बॉलीवुड अभिनेत्रियां भी सेक्विन साड़ी को बहुत पसंद कर रही हैं। इन साडियों को आमतौर पर सिल्क, नेट, क्रेप या जॉर्जेट के मिश्रण से बनाया जाता है और इन पर तरह–तरह के पैटर्न होते हैं। ये साडियां हल्की होती हैं और इन्हें कॉकटेल पार्टियों समेत नाइट आउट में पहना जा सकता है, लेकिन इन्हें कम से कम एक्सेसरीज और फैंसी पर्स के साथ स्टाइल करें।

लिनन साड़ी

सबसे आरामदायक साडियों के फैब्रिक में से एक लिनन पौधे–आधारित फाइबर से प्राप्त होता है, जिसे फ्लैक्स कहा जाता है। ये साडियां हल्की होती हैं और इन साडियों में पसीने को सोखने की क्षमता अधिक होती है। हालांकि, यह साड़ी अन्य साडियों की तुलना में थोड़ी महंगी होती है। लिनन की साडियों को गर्मी के मौसम में पहनना एकदम सही हैं।

लाइक्रा साड़ी

लाइक्रा साडियों को भी गर्मियों के अनुकूल माना जाता है। इस साड़ी को आप ऑफिस या पार्टी, दोनों ही जगह पर बड़े ही ग्रेसफुली तरीके से पहन सकती हैं। हल्के रंगों में आने वाली ये साडियां हर महिला की अलमारी में होनी चाहिए। बता दें कि कई बॉलीवुड अभिनेत्रियां इस तरह की साड़ी को कई कार्यक्रमों में पहन चुकी हैं।